सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹111346/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹135990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹148446/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

राज्य सरकार के संशोधित भाड़ा नियंत्रण विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी

भाड़े पर नियंत्रण, किराया 2000 से कम तो साल में सिर्फ 5 फीसदी बढ़ा पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब भाड़ा नियंत्रण का नया कानून संशोधित कानून लागू हो गया है। इसके तहत अब अगर किसी मकान का किराया 2 हजार रुपयों से कम है तो साल में 5 फीसदी और 2 हजार से अधिक है तो 10 फीसदी की वृद्धि की जा सकेगी। ये प्रावधान भी है कि अगर किराएदार ने कोई गड़बड़ी की, कोई असामाजिक तरीके का काम किया तो उसकी बेदखली भी हो सकेगी। ये अधिकार भाड़ा नियंत्रक को होगा। राज्य सरकार ने विधानसभा से इस संबंध में संशोधन विधेयक पारित कराया था। इसे राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद यह संशोधित कानून राज्य में प्रभावी हो गया है।

किराए में वार्षिक वृद्धि के नए और स्पष्ट नियम

नए अधिनियम के अनुसार, मकान मालिक और किराएदार के बीच हुए समझौते के आधार पर किराए में सालाना बढ़ोतरी की जा सकेगी, जिसके लिए स्पष्ट सीमाएं तय की गई हैं। यदि मासिक किराया 2 हजार रुपए या उससे कम है, तो किराए में अधिकतम 5% तक की वार्षिक वृद्धि की जा सकेगी। अन्य सभी मामलों में (यानी 2 हजार रुपए से अधिक मासिक किराए पर) अधिकतम 10% तक की सालाना बढ़ोतरी की सीमा तय की गई है।



गड़बड़ी करने पर होगी किराएदार की बेदखली

यदि कोई किराएदार नियमों का उल्लंघन करता है या परिसर में किसी प्रकार की गड़बड़ी करता है, तो मकान मालिक के पास भाड़ा नियंत्रक के समक्ष बेदखली के लिए आवेदन करने का पूर्ण अधिकार होगा। बेदखली के मुख्य आधार इस प्रकार हैं। किराए के भुगतान में डिफ़ॉल्ट - यदि किराएदार लगातार समय पर किराया चुकाने में विफल रहता है। यदि किराएदार द्वारा किराए के परिसर को कोई गंभीर क्षति पहुंचाई जाती है। यदि किराएदार या उसके द्वारा सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाना, कचरा फेंकना या किसी भी प्रकार के असामाजिक कृत्य किए जाते हैं जिससे आसपास का माहौल खराब होता है, तो ऐसी स्थिति में उसे बेदखल किया जा सकता है।

मालिक बना सकता है प्रॉपर्टी मैनेजर

नए कानून के तहत मकान मालिक परिसरों के प्रबंधन के लिए प्रबंधक(प्रॉपर्टी मैनेजर) नियुक्त कर सकते हैं, जिसकी लिखित सूचना किराएदार को देनी होगी। प्रबंधक रसीद के साथ किराया वसूलने और जरूरी मरम्मत कराने जैसे कार्य संभालेंगे। मामलों के जल्द निपटान के लिए आवेदन मिलने के 60 दिनों के भीतर फैसला करने का प्रयास किया जाएगा और सुनवाई के दौरान किसी भी पक्ष को तीन से अधिक स्थगन नहीं दिए जाएंगे। यही नही किराए से जुड़े मामलों में कोई अस्पष्टता होने पर उसका लाभ किराएदार को और कब्जा वापसी से जुड़े मामलों में मकान मालिक को मिलने का प्रावधान किया गया है।

बड़ा घोटाला, बड़ी जांच, कोल घपले में 9500 पेज का एक और चालान, विधायक समेत 12 आरोपी

पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा के कोल घोटाले में ईओडब्लू- एसीबी ने सोमवार को विशेष अदालत में साढ़े नौ हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया। कोर्ट में पेश किए गए चालान में आरोपियों की भूमिका तथा उनके बीच लेन-देन के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। यह भी बताया गया है कि आरोपियों ने घोटाले को कैसे अंजाम दिया? आरोपियों को सोमवार कोर्ट में उपस्थित होना था, लेकिन आरोपी चालान पेश करने के समय कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए।

मुख्य के अलावा अब तक पांच पूरक चालान पेश हो चुके, आरोपी नहीं हुए पेश

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

खास खबर

कोर्ट में जिन लोगों के खिलाफ चालान पेश किया गया है, उनमें कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, भिलाई विधायक देवेंद्र सिंह यादव, विनोद तिवारी, रामप्रताप सिंह, चंद्रदेव राय, जय प्रकाश मौर्य, पीयूश कुमार साहू, जोगेंदर सिंह, अनुराग चौरसिया, दीपेश टांक सुनील अग्रवाल तथा राहुल मिश्रा के नाम शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ आईपीसी ⏭शेष पेज 7 पर





सूर्यकांत ने बनाई थी वसूली की योजना

आरोप है कि सूर्यकांत तिवारी ने तत्कालीन अधिकारियों एवं अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कोल कारोबारियों और परिवहनकर्ताओं से 25 रुपए प्रति टन की दर से अवैध वसूली की व्यवस्था बनाई थी। 15 जुलाई 2020 के आदेश से ऑनलाईन ई-परमिट जारी होने से पहले जिला खनिज अधिकारी का अनुमोदन अनिवार्य किया गया था। विभिन्न जिलों से वसूली गई रकम रायपुर पहुंचाई जाती थी, जहां उसका हिसाब रखकर आगे वितरण किया जाता था।

डिजिटल साक्ष्य से खुले राज

जांच एजेंसी के आरोपों के मुताबिक सूर्यकांत तिवारी एवं उसके सहयोगी कोल वसूली की व्यवस्था लागू कराने के लिए विभिन्न जिलों में जाकर बैठकें कर रहे थे। उनके ठहरने के लिए संबंधित जिलों के विश्राम गृहों में सीएम हाउस के नाम से बुकिंग कराए जाने के साक्ष्य भी मिले हैं। विवेचना में बालको कंपनी का वह ईमेल एवं संबंधित पत्राचार भी जब्त किया गया है, जिसमें लेवी भुगतान के कारण परिवहन बिलों में 25 रुपए प्रति टन की राशि इंसिडेंटल एक्सपेंशेस के रूप में जोड़े जाने का उल्लेख है। आदेश जारी होने के बाद कोयला परिवहन के टीपी पास जारी किए जाने के संबंध में अंबुजा कंपनी द्वारा खनिज विभाग को भेजा गया पत्र भी जब्त किया गया है। उक्त डिजिटल साक्ष्य एवं पत्राचार का विवरण पूरक चालान में शामिल किया गया है।

लाइब्रेरी से पढ़ाई कर लौट रही थी घर

पुलिसकर्मी की बेटी पर एसिड अटैक, आंख-चेहरा झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शहर के आमापारा में लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही 22 साल की छात्रा पर एक युवक ने एसिड डाल दिया। घटना सिंचाई कॉलोनी में आत्मानंद स्कूल के सामने हुई है। एसिड से छात्रा के शरीर का दाहिना भाग और आंख-चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है। आरोपी युवक सीसीटीवी में भागते हुए नजर आया है। पीड़िता पुलिसकर्मी की बेटी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक छात्रा एमए की पढ़ाई पूरी कर चुकी है। अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। सोमवार दोपहर 12:30 बजे छात्रा लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही थी। आत्मानंद स्कूल के सामने एक युवक ने उसे रोका और एसिड फेंक दिया। ⏭शेष पेज 7 पर



मामले की जांच जारी

आमापारा में घटना 12.30 बजे के आसपास हुई है। छात्रा लाइब्रेरी से घर लौट रही थी, तभी एक युवक ने उस पर हमला किया और फरार हो गया। मामले की जांच की जा रही है। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

-चंद्रकांत गवर्ना,एएसपी, बालोद



दिल्ली पुलिस के अधिकारी पर लगा है आरोप

यौन उत्पीड़न की 'पीड़िता' महिला पत्रकार समेत 17 को पुलिस ने उठाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन में तीन महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उस पुलिस अधिकारी पर एफआईआर की मांग को लेकर विरोध दर्ज करा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने सोमवार सुबह हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने उन तीन महिला पत्रकारों समेत 17 लोगों को हिरासत में ले लिया है। दिल्ली पुलिस के आईपीएस रैंक के अधिकारी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर एफआईआर दर्ज करने की मांग के साथ प्रदर्शनकारी रातभर से संसद मार्ग थाने के सामने डटे हुए थे। रातभर तो पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया, लेकिन सोमवार की सुबह पुलिस ने 17 लोगों को हिरासत में ले लिया।

ज्ञानेश के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान की थी ज्यादती

डिटेन कर दिल्ली कैंट थाने ले गई पुलिस

संसद मार्ग थाने के सामने धरना देने वाले प्रदर्शनकारियों में फ्रीलांस पत्रकार, यूट्यूबर और एक कथित पीड़ित शामिल थे जिन्हें एक-एक करके बस में दिल्ली कैंट पुलिस स्टेशन ले जाया गया। महिला ने मीडिया को बताया कि वे पुलिस अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत का स्टेटस जानना चाहते थे। इस कार्रवाई को लेकर डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस नेहा यादव ने बताया कि पूरे नई दिल्ली डिस्ट्रिक्ट में धारा 163 लगाई हुई है।



पुलिस ने क्राइम ब्रांच को सौंपी है मामले की जांच

महिला पत्रकारों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद पुलिस ने इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी थी, लेकिन प्रदर्शनकारी उस पुलिस अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। रविवार को पुलिस ने कहा कि उसे महिला पत्रकारों से तीन अलग-अलग शिकायतें मिली हैं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि 3 अक्टूबर को जंतर-मंतर के पास विरोध प्रदर्शन को कवर करते समय पुलिसवालों ने उनके साथ यौन उत्पीड़न किया था। पुलिस ने कहा कि क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है और तथ्यों की जांच की जा रही है।

राहुल ने दिल्ली पुलिस पर साधा निशाना



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी में हाल की घटनाओं के दौरान महिला प्रदर्शनकारियों और फीमेल जर्नलिस्ट्स के साथ दिल्ली पुलिस के बर्ताव पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को हिरासत में लिया गया, उनके साथ बुरा बर्ताव किया गया और उन्हें सवाल पूछने से रोका गया। उन्होंने अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की। कांग्रेस नेता ने शाहीन और नफीसा नाम की 2 महिला पत्रकारो से जुड़ी एक पुरानी घटना का भी जिक्र किया। राहुल गांधी के मुताबिक इन दोनों महिलाओं ने साकेत पुलिस स्टेशन के अंदर कथित हिंसा और बदसलूकी के बारे में बताया था। कांग्रेस नेता ने दिल्ली पुलिस पर प्रशासनिक नियंत्रण पर भी सवाल उठाए और इन कथित घटनाओं को लेकर सीधे तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अड्रेस किया। ये आरोप दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों से निपटने के पुलिस के तरीके पर हो रही राजनीतिक आलोचना के बीच सामने आए हैं।

100 फाइटर जेट्स ने धुबाब जिले को बनाया निशाना

हूतियों पर यमन और सऊदी अरब का बड़ा अटैक, एयरपोर्ट पर किया कब्जा

यमन में हूतियों के खिलाफ जंग अब बड़े मोड़ पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त यमनी सरकार की सेना ने ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। यमनी सरकारी बलों ने दावा किया है कि उन्होंने धुबाब एयरपोर्ट पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। साथ ही धुबाब जिले के बड़े हिस्से पर भी कब्जे की बात कही गई है। इस ऑपरेशन में यमन-सऊदी के कमोबेश 100 विमानों के शामिल होने का दावा है।

एजेंसी ▶▶ सना

यमनी सेना ने इस अभियान को 'डॉन ऑफ यमन' नाम दिया है और उसका सबसे बड़ा लक्ष्य रणनीतिक बाब अल-मंदेब स्ट्रेट पर नियंत्रण हासिल करना बताया जा रहा है। सेना के मुताबिक इसके लिए जमीन और हवा, दोनों तरफ से कार्रवाई तेज की गई है। सऊदी नेतृत्व वाला गठबंधन यमनी सेना को जमीन पर एयर कवर दे रहा है और बाब अल-मंदेब के लिए हवाई सुरक्षा भी उपलब्ध करा रहा है। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा है कि इस ऑपरेशन में करीब 100 फाइटर जेट शामिल हुए। गठबंधन के मुताबिक, यमन में 324 'हाई-वैल्यू टारगेट' को निशाना बनाया गया है। वहीं यमनी सेना ने कहा कि उसने हूती ठिकानों पर 1,000 से ज्यादा स्ट्राइक की हैं। इन हमलों में तोपों और रॉकेट लॉन्चर के ठिकानों, डिफेंस पोजिशन, सप्लाई रूट और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं को निशाना बनाने का दावा किया गया है। इसके अलावा उन रास्तों पर भी हमले किए गए, जिनका इस्तेमाल हूती लड़ाकों और अतिरिक्त सैनिकों की आवाजाही के लिए किया जाता था।

ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान

बाब अल-मंदेब पर भी बढ़ाया दबाव

इस अभियान को दिया गया 'डॉन ऑफ यमन' नाम



बाब अल-मंदेब पर कब्जे की तैयारी

यमनी सेना का ऑपरेशन सिर्फ धुबाब एयरपोर्ट तक सीमित नहीं है। सेना ने बाब अल-मंदेब पर नियंत्रण के लिए घेराबंदी वाला अभियान शुरू करने की बात कही है। यह स्ट्रेट दुनिया के अहम समुद्री रास्तों में शामिल है, इसलिए इसके आसपास चल रही लड़ाई का असर काफी दूर तक पड़ सकता है। सरकारी बलों के मुताबिक, हूतियों से हुई भिड़ंत के बाद धुबाब जिले के बड़े हिस्से पर उसका नियंत्रण हो गया है। करीब एक महीने पहले हूतियों ने लाल सागर के तट और बाब अल-मंदेब के आसपास बड़े इलाके में अपनी पकड़ मजबूत की थी। सितंबर में उनकी तेज सैन्य कार्रवाई के बाद यमन में लड़ाई काफी बढ़ गई।

हूती भी लगातार बढ़ा रहे हमला

यमनी सेना के नए ऑपरेशन के बीच हूती भी पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, हूतियों ने ताइज शहर को कई तरफ से घेर लिया है और उसे अदन से जोड़ने वाली मुख्य सप्लाई रोड काट दी है। ताइज अभी सरकारी नियंत्रण में है, लेकिन हूतियों का दबाव लगातार बना हुआ है। हूती हमलों का असर सऊदी अरब तक भी पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने दावा किया कि 4 अक्टूबर को संगठन ने रियाद और खुरैस इलाके में सऊदी अरामको के ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। उनके मुताबिक हमलों के बाद दोनों जगह बड़े पैमाने पर आग लगी। यमन में एक तरफ सरकारी सेना बाब अल-मंदेब और लाल सागर के आसपास हूतियों की पकड़ तोड़ने की कोशिश कर रही है, वहीं हूती सऊदी ठिकानों और तेल सुविधाओं को निशाना बनाने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में नए सैन्य अभियान ने यमन की जंग को और तेज कर दिया है।



चेक बाउंस मामला

'आपकी जगह जेल में है' राजपाल को सुप्रीम फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेक बाउंस से जुड़े करीब 7.5 करोड़ रुपये के मामले में एक्टर राजपाल यादव को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को कड़ी फटकार का सामना करना पड़ा. उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश के मुताबिक भुगतान में देरी और सुनवाई के दौरान 50 लाख रुपये के डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी पेश किए जाने पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि न्यायालय के आदेशों के पालन में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई के दौरान राजपाल यादव को कड़े शब्दों कहा कि 'आपकी जगह जेल में है।' बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा शिकायतकर्ता भले ही एक्टर से ज्यादा अमीर हों, लेकिन जिस तरह से उनके साथ व्यवहार किया गया, उसके कारण वे इस मामले में खुद को गरीब स्थिति में पाते हैं।

तेलंगाना एसआईआर में फर्जीवाड़ा, काटे गए नाम, अब होगा एक्शन

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने वोटर लिस्ट से पात्र मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 के गलत इस्तेमाल पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। यह आदेश राज्य में चल रहे मतदाता सूची के एसआईआर के बीच आया है। सीईओ ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारियों और राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों व डीईओ को इस मामले में उचित कार्रवाई करने को कहा है। सोमवार को जारी आदेश में कहा गया कि चुनाव पंजीकरण अधिकारियों के सामने फॉर्म-7 के थोक में आवेदन जमा किए जाने के मामले सामने आए हैं और आरोप है कि इनमें से कुछ फॉर्म वास्तविक नहीं हैं। सीईओ के आदेश में अधिकारियों को ऐसे आवेदकों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया है, जिन्होंने फॉर्म-6, फॉर्म-6ए, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 में जानबूझकर गलत बयान या लिखित घोषणा दी हो।

सीईओ ने दिए आदेश कांग्रेस की शिकायत पाई गई सही



यह है मामला

यह मामला तब सामने आया जब तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चुनाव कार्यालय ने फॉर्म-7 के गलत इस्तेमाल को लेकर हैदराबाद के पुलिस आयुक्त से शिकायत की और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। हैदराबाद में फॉर्म-7 के थोक इस्तेमाल का पहला मामला 1 अक्टूबर को मुशीराबाद विधानसभा क्षेत्र में सामने आया था। कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी के एक बूथ लेवल एजेंट ने पहले से भरे हुए फॉर्म जमा कर 31 मतदाताओं के नाम हटाने की मांग की। इनमें कांग्रेस के एक बूथ लेवल एजेंट और उसके परिवार के सदस्यों के नाम भी शामिल थे।

यहां भी मिली शिकायत

इसके बाद बहादुरपुरा विधानसभा क्षेत्र में भी पहले से भरा हुआ फॉर्म-7 सामने आने का मामला कांग्रेस ने उठाया। तीसरा मामला गोशामहल विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 173 से जुड़ा बताया गया। कांग्रेस नेता के अनुसार, यहां बूथ लेवल अधिकारी ने पहले से भरे गए फॉर्म-7 के थोक आवेदन स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

खबर संक्षेप

आकाश आनंद की वापसी बने राष्ट्रीय संयोजक

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में वापसी का ऐलान कर दिया है। बीएसपी प्रमुख ने पार्टी के हित का हवाला देते हुए आकाश आनंद को एक बार फिर बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और कांशीराम का कड़ा संघर्ष हमेशा से पार्टी की प्रेरणा रहा है। बीएसपी ने इसी रास्ते पर चलकर राजनीति में बड़ी सफलताएं हासिल की हैं और आगामी यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं।



हेरोइन नेटवर्क का भंडाफोड़ 50 करोड़ की ड्रग्स बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने इंटरस्टेट हेरोइन सप्लाई और मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने करीब 20 दिन तक चले ऑपरेशन के दौरान कुल 7.076 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, बरामद हेरोइन की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है। इस कार्रवाई में हेरोइन तैयार करने वाली अवैध फैक्ट्री का भी पता चला है, जहां से बड़ी मात्रा में तैयार ड्रग्स और कच्चा माल बरामद किया गया।



यूपी रास चुनाव

बीजेपी ने दिया बड़ा सरप्राइज

पुरी और वर्मा सहित सभी 8 सांसदों का कटा टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने बड़ा सियासी दांव चला है। पार्टी ने 16 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए अपने आठ उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। हालांकि इस लिस्ट में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पार्टी ने अपने किसी भी मौजूदा राज्यसभा सांसद को दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बीएल वर्मा समेत उत्तर प्रदेश से बीजेपी के राज्यसभा सांसद रहे आठ नेताओं का टिकट काट दिया गया है। पार्टी के इस फैसले को केंद्र सरकार और संगठन में बदलाव की संभावना से जोड़कर भी देखा जा रहा है। बीजेपी ने इस बार धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यसागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को उम्मीदवार बनाया है। इनमें प्रियंका सिंह रावत और श्रुति गंगवार दो महिला चेहरे हैं।



कौन-कौन से मौजूदा सांसद हुए बाहर?

वहीं हरदीप सिंह पुरी और बीएल वर्मा के अलावा अरुण सिंह, सीमा द्विवेदी, नीरज शेखर, बृज लाल और गीता शाक्य भी बीजेपी की नई सूची में जगह नहीं बना सके. वहीं, उत्तर प्रदेश से पहले राज्यसभा सांसद रहे दिनेश शर्मा अब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल हैं।

सभी पुराने चेहरे बाहर : बीजेपी के इस फैसले की खास बात यह है कि पार्टी ने राज्यसभा में अपने पुराने चेहरों को दोहराने के बजाय पूरी तरह नए नामों पर भरोसा जताया है। पूर्व लोकसभा सांसद प्रियंका सिंह रावत को भी राज्यसभा भेजने का मौका दिया गया है। वहीं श्रुति गंगवार झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी और यूपी बीजेपी की प्रमुख नेताओं में शामिल हैं।

दिल्ली दंगा : अनुराग प्रवेश को राहत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े हेट स्पीच के मामले में राजनीतिक नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी जांच की मांग वाली सभी 15 याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिकाएं 2020 के दंगों के बाद दाखिल की गई थीं। एक याचिका में भाजपा नेताओं कपिल मिश्रा, अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा और अभय वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई थी। आरोप था कि उनके भाषणों ने हिंसा भड़काने में भूमिका निभाई। एक अन्य याचिका में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, आप नेताओं मनीष सिसोदिया और अमानतुल्लाह खान, एआईएमआईएम प्रमुख अकबरुद्दीन ओवैसी और पूर्व विधायक वारिस पठान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

मेडिकल रिकॉर्ड लीक, पूर्व सीएम ने भेजा तीन अस्पतालों को कानूनी नोटिस

क्या ममता ने बहाना किया था, पैर फ्रैक्चर था ही नहीं?

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मेडिकल रिकॉर्ड लीक होने के बाद राज्य की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व सीएम के निजी मेडिकल रिकॉर्ड और इलाज से जुड़े गोपनीय दस्तावेज बिना अनुमति सार्वजनिक करने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की गई है। ममता बनर्जी के वकील ने इस मामले में एसएसकेएम अस्पताल प्रबंधन और राज्य स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारियों को सीधा कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि बिना किसी अनुमति के पूर्व मुख्यमंत्री के इलाज से जुड़ी संवेदनशील जानकारी और मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है, जो मेडिकल गोपनीयता कानून और डॉक्टरों की पेशेवर आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।



सीएम शुभेंदु ने कहा था- नहीं हुआ था फ्रैक्चर

हाल ही में राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मेडिकल दस्तावेज दिखाकर आरोप लगाया था कि मार्च 2021 में विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पैर में कोई फ्रैक्चर नहीं हुआ था और इसकी जांच की जाएगी। टीएमसी ने अधिकारी के इन दावों उपचुनावों को प्रभावित करने की कोशिश बताया है। इसी का विरोध करते हुए ममता ने कानूनी नोटिस भेजा है।

यह है मामला

दरअसल, तीन बार मुख्यमंत्री रहीं ममता बनर्जी को 10 मार्च, 2021 को नंदीग्राम के बिरुलिया इलाके के रेयापारा में चुनाव प्रचार के दौरान बाएं पैर में चोट लग गई थी। बाद में अस्पताल में टेस्ट के बाद पता चला था कि उनके बाएं टखने और पैर की हड्डी और लिगामेंट में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद बाद ममता बनर्जी को व्हीलचेयर पर चुनाव प्रचार करते देखा गया। इसके बाद, टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल की और 210 से ज़्यादा सीटें जीतीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (BJP) सिर्फ़ 77 सीटों पर जीत पाई।

डब्लूएचओ ने दी मंजूरी, अब दुनिया के दूसरे देशों में भी होगी उपलब्ध

भारत की सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन को मिली हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ जिनेवा

डब्लूएचओ ने सर्वाइकल कैंसर की भारतीय वैक्सीन सेर्वावैक को प्री-क्वालिफिकेशन मंजूरी दे दी है। इसका सीधा मतलब यह है कि इस वैक्सीन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षित, असरदार और उच्च गुणवत्ता का माना गया है। इस टीके को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बनाया है। यह सर्वाइकल कैंसर फैलाने वाले एचपीवी वायरस के चार स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी है। इसके लगने के बाद कैंसर की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है।

इस टीके को बनाया है सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने



भारत सरकार ने भी किया शामिल

भारत सरकार ने भी सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ टीकाकरण अभियानों में एचपीवी टीकों को शामिल किया गया है। अब डब्लूएचओ से मान्यता मिलने के बाद ये वैक्सीन दुनिया के कई देशों में भी पहुंच सकेगी। सर्वाइकल कैंसर एचपीवी यानी ह्यूमन पापिलोमा वायरस से होता है। भारत में ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाओं में सबसे ज्यादा केस सर्वाइकल कैंसर के ही आते हैं। अब 20 से 30 साल की उम्र वाली महिलाओं को भी ये कैंसर हो रहा है। अधिकतर मामलों में ये शुरुआती स्टेज में पकड़ में नहीं आता है। ऐसे में बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना काफी फायदेमंद है।

क्या है सेर्वावैक वैक्सीन

सेर्वावैक चार एचपीवी प्रकारों जैसे 16, 18, 6 और 11के खिलाफ सुरक्षा देने के लिए बनाई गई है। एचपीवी 16 और 18 को कैंसर के खतरे से जुड़े प्रमुख प्रकारों में माना जाता है, जबकि एचपीवी 6 और 11 मुख्य रूप से जननांग मस्सों से जुड़े हैं। जो महिलाएं अपने डॉक्टर की सलाह पर इस वैक्सीन को लगवा लेती हैं उनमें एचपीवी वायरस से होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव किया जा सकता है। डब्लूएचओ के मुताबिक, जो महिलाएं 9 से 14 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगवा लेती हैं उनमें इस कैंसर का रिस्क 90 फीसदी तक कम हो जाता है।

डब्लूएचओ से मंजूरी का फायदा

डब्लूएचओ से मंजूरी मिलने का ये मतलब है कि अब उन देशों और वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए इस वैक्सीन को खरीदना आसान हो सकता है। इससे भारत में बनी एचपीवी वैक्सीन की वैश्विक पहुंच बढ़ने की संभावना है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हर देश में वैक्सीन तुरंत उपलब्ध हो जाएगी। वहां की सरकार और स्वास्थ्य व्यवस्था को अपने टीकाकरण कार्यक्रम, उम्र, डोज और खरीद से जुड़े फैसले अलग से लेने होंगे।

महिला रिसर्चर की मौत के बाद हड़कंप

रूस में प्लेग का खौफ! 200 लोग क्वारंटीन

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस के साइबेरिया में एक एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट की 28 साल की रिसर्चर की गंभीर निमोनिया से मौत के बाद हड़कंप मच गया है। रिसर्चर की मौत के बाद करीब 200 लोगों को मेडिकल निगरानी में रखा गया है और कुछ जगहों पर एहतियाती क्वारंटीन जैसे कदम उठाए गए हैं। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह बीमारी प्लेग थी। रूसी स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इरकुत्स्क एंटी-प्लेग इंस्टीट्यूट में काम करने वाली दर्या शिपिलोवा को 29 सितंबर को गंभीर निमोनिया के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

करीब 200 लोग निगरानी में

रूसी पब्लिक हेल्थ वॉचडॉग रोस्पोट्रेबनादजोर ने बीमारी को अज्ञात कारणों से हुआ निमोनिया बताया है। एजेंसी के मुताबिक, रिसर्चर के शरीर में उनके पेशेवर काम से जुड़े किसी माइक्रो ऑर्गेनिज्म का पता नहीं चला। इसके बावजूद उन लोगों को ट्रेस किया गया, जो रिसर्चर के संपर्क में आए थे। अनौपचारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 200 लोगों को शेलखोव अस्पताल में क्वारंटीन या मेडिकल निगरानी में रखा गया।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

दिमाग में न्यूरॉन्स कैसे काम करते हैं?



हमारे दिमाग में अरबों न्यूरॉन्स होते हैं। ये कोशिकाएं इलेक्ट्रिकल और केमिकल सिग्नल के जरिए एक-दूसरे से संवाद करती हैं। इन्हीं संकेतों की मदद से हम देखते, चलते, याद रखते, दर्द महसूस करते और भावनाओं का अनुभव करते हैं। ऑप्टो जेनेटिक्स तकनीक ने वैज्ञानिकों को इन न्यूरॉन्स की गतिविधि को केवल देखने के बजाय उन्हें कंट्रोल करके यह समझने का मौका दिया कि दिमाग के अलग-अलग हिस्से किस तरह व्यवहार और शरीर के कार्यों को प्रभावित करते हैं।

कार्ल डीसेरोथ पीटर हेगेमन और जॉर्ज नागेल को चिकित्सा क्षेत्र का पुरस्कार

दिमाग में यादें या भावनाएं कैसे आती हैं पता लगाने वाले 3 वैज्ञानिकों को नोबेल

एजेंसी ▶▶ स्टॉकहोम

चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार सोमवार को कार्ल डीसेरोथ, पीटर हेगेमन और जॉर्ज नागेल को देने की घोषणा की गई। इन्होंने इस बात पर अनुसंधान किया है कि मस्तिष्क व्यक्तिगत तंत्रिका कोशिकाओं (नर्व सेल्स) की गतिविधियों को चालू या बंद करने के लिए किन प्रणालियों का उपयोग करता है। तीनों वैज्ञानिकों ने दिमाग में यादें और भावनाएं कैसे आती हैं, इसकी खोज की।

अलग खबर

डीसेरोथ (54), हेगेमन (71) और नागेल (73) ने लाइट-गेटेड आयन चैनलों और ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में ▶▶शेष पेज 7 पर

ऐसा क्या किया इन तीनों ने

फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2026 का नोबेल पुरस्कार 'ऑप्टोजेनेटिक्स' के लिए दिया गया है। यह एक ऐसी तकनीक है, जिससे यह पता लगाना संभव हो गया है कि जीवित मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाएं यादों, भावनाओं और व्यवहारों को कैसे आकार देती हैं। पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल ने एक कोशिकीय शैवाल में 'चैनलरोडोप्सिन' नामक एक अद्भुत प्रोटीन की खोज की। कार्ल डेइसेरोथ ने इस प्रोटीन को तंत्रिका कोशिकाओं के लिए प्रकाश-नियंत्रित स्विच में बदल दिया। इन पुरस्कार विजेताओं ने न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में एक नए युग की नींव रखी है।



कार्ल डेइसेरोथ | पीटर हेगेमैन | जॉर्ज नागेल

20वीं सदी से हो रहा था रिसर्च

दिमाग भावनाओं, व्यवहार और शरीर के कामों को कैसे कंट्रोल करता है। यह लंबे समय से एक रहस्य रहा है। 20वीं सदी में, रिसर्च करने वालों ने यह पता लगाना शुरू किया कि दिमाग के कौन से हिस्से किन कामों पर असर डालते हैं, लेकिन इस्तेमाल किए गए तरीकों से वे इनके बीच सीधे कारण-और-असर वाले संबंध साबित नहीं कर पाए। दिमाग के बारे में उन्होंने जो तस्वीर बनाई, वह एक रफ नक्शे जैसी थी, जिसमें बहुत सारे सवालिया निशान और अनजानी बातें थीं। अब यह सब बदल रहा है।

Vinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

इंडिगो का हवाई सफर होगा महंगा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की। संशोधित



शुल्क छह अक्टूबर से लागू होंगे जिससे हवाई किराए में बढ़ोतरी होगी। घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन अधिभार में 100 रुपए से 350 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 500 किलोमीटर तक उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार 375 रुपए और 501 से 1,000 किमी की दूरी वाली उड़ानों के लिए 600 रुपए होगा।

एसआईआर पर कोर्ट की तल्ख टिप्पणी कहा-कानून तोड़ा तो रोक देंगे फैसले

केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह आयोग के सभी फैसलों की पड़ताल करेगा और जो फैसले कानून के अनुरूप नहीं पाए जाएंगे, उन्हें निरस्त कर देगा। ये नोटिस उन याचिकाओं पर जारी किए गए हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि आयोग ने दोनों निर्वाचन आयुक्तों की मंजूरी के बिना कई फैसले लिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने अलग-अलग राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा इस्तेमाल ▶▶शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। किसी एक सदस्य का फैसला पूरे आयोग का फैसला नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि जो भी फैसला कानून के अनुरूप नहीं पाया जाएगा, उसे रद्द कर दिया जाएगा। सीईसी ज्ञानेश कुमार पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है।

'फॉर्म 6' में नहीं दी बदलाव को मंजूरी

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा, हमने 'फॉर्म 6' में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। यह बात साफ़ होनी चाहिए। जब रिकॉर्ड पेश किए जाएंगे, तो हम देखना चाहेंगे कि इसमें बदलाव किसने किया है। 'फॉर्म 6' एक ऐसा आवेदन है जिसके जरिए कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने की मांग करता है।



सीईसी ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने से जुड़ी याचिकाएं खारिज

इंडिया गठबंधन का मार्च आज

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष का आंदोलन मंगलवार को दिल्ली में सड़क पर उतरेगा। सभी सांसद साढ़े 10 बजे संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्र होंगे और फिर 11 बजे वहां से मार्च शुरू करेंगे।

कांग्रेस की ऐसी तैयारी

- 10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर मार्च
- 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांव-गांव चौपाल
- 1 नवंबर को रामलीला मैदान में इंडया ब्लॉक की महारैली
- 25-26 नवंबर को 'दिल्ली चलो' अभियान

सियासी घमासान

राहुल ने कहा- गैरकानूनी बदलाव

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में गैरकानूनी और एकतरफा तरीके से बदलाव किया। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद यह बात बिना किसी शक के स्थापित हो गई है। एक्स पर कहा,अब यह बिना किसी संदेह के स्थापित हो गया है कि ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में अवैध और एकतरफा तरीके से बदलाव किया।

भाजपा बोली- सभी संस्थाएं बिना भय के काम कर रहीं

भाजपा ने कहा कि निर्वाचन आयोग से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग और केंद्र को नोटिस जारी किया जाना इस बात का 'सबूत' है कि देश में सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं। 'डर तथा तानाशाही' का माहौल नहीं है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, देश बहुत लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा है। हर कोई अपने मन की बात कह रहा है। सभी प्रक्रियाओं और व्यवस्थाओं का पालन किया जा रहा है।

संत प्रेमानंद के आश्रम में क्रिकेटर कोहली को पांच करोड़ में बुलाया

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में संत प्रेमानंद जी महाराज के आश्रम की चर्चा लगातार गहराई हुई है। प्रेमानंद महाराज के शिष्य रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की संदिग्ध मौत के बाद से श्री हित राधा केलीकुंज आश्रम लगातार सुर्खियों में है। अब फलाहारी बाबा ने एक पत्र लिखकर संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पर बिल्डर लॉबी के कब्जे का आरोप लगाया है। साथ ही, उन्होंने संत प्रेमानंद को गोवर्धन गिरिराज जी बुलाने की मांग की है। फलाहारी बाबा ने यह भी आरोप लगाया कि राजस्थान की पीआर एजेंसी की मदद से संत प्रेमानंद आश्रम में देश के टॉप क्रिकेटर को 5 करोड़ रुपए में लाया गया। इसके नाम पर बिल्डर लॉबी ने आश्रम में अपनी पैठ बढ़ाई।



फलाहारी बाबा के आरोप

वृंदावन में सक्रिय हैं भू-माफिया

फलाहारी महाराज नेन्यू बेलवन आश्रम के आसपास यमुना डूब क्षेत्र की जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए। अधिकारियों की कथित सांठगांठ से यमुना खादर की जमीन बेचने के आरोप, भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

एसडीएम ऑफिस का बाबू 10 हजार की घूस के साथ पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुद

एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार को कुरुद एसडीएम कार्यालय की भू-अर्जन एवं डायवर्सन शाखा में



कार्रवाई करते हुए सहायक ग्रेड-3 भुवनेश्वर सूर्यवंशी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। कार्रवाई जमीन डायवर्सन से जुड़े मामले में शिकायत के आधार पर की गई। एसीबी की कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार संजय नगर शिक्षक कॉलोनी निवासी जमीन ▶▶शेष पेज 7 पर

रकम लेते ही एसीबी ने दबोचा

योजना के तहत शिकायतकर्ता 10 हजार रुपए लेकर कर्मचारी के पास पहुंचा। जैसे ही सूर्यवंशी ने कथित तौर पर रिश्वत की रकम स्वीकार की। पहले से तैनात एसीबी टीम ने उसे पकड़ लिया। कार्रवाई डीएसपी राजेश चौधरी के नेतृत्व में की गई।

नदी की तेज धार में फंसा युवक, दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

नदी पार करते समय तेज बहाव में फंसा

रविवार की शाम उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब रामानुजगंज आ रहा एक युवक कन्हर नदी में पानी के तेज बहाव में फंस गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस की रेस्क्यू टीम ने समय रहते युवक को नदी के बीच से सुरक्षित बाहर निकाल उसकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 7 बजे ग्राम पुरानडीह निवासी 30 वर्षीय मनोज मांझी रामानुजगंज आ रहा था। जैसे ही युवक नदी पार करने लगा और बीच पहुंचा तभी पानी के तेज बहाव में नदी के बीचो-बीच फंस गया। अंधेरा होने और नदी में पानी की तेज आवाज के कारण उसकी मदद की पुकार काफी कम सुनाई दे रही थी। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने युवक की आवाज सुनी और तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। सूचना मिलते ही रामानुजगंज थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को सुरक्षित निकालने के लिए तत्काल रेस्क्यू की व्यवस्था शुरू की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रमन अग्रवाल ने दयाल विश्वास एवं उनकी टीम से संपर्क कर मदद के लिए मौके पर पहुंचने की बात कही। कुछ ही देर में दयाल विश्वास के नेतृत्व में उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा, संजू तिवारी सहित रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने साहस का परिचय देते हुए नदी की तेज धार को पार कर युवक तक पहुंचने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक चले जोखिम भरे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मनोज मांझी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। युवक के सुरक्षित बाहर आने के बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

नपा अध्यक्ष ने दयाल और पुलिस की टीम को किया पुरस्कृत



नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने रेस्क्यू में साहस और तत्परता दिखाने वाली दयाल विश्वास एवं उनकी टीम को 5 हजार तथा पुलिस प्रशासन को भी 5 हजार रुपए की राशि इनाम स्वरूप प्रदान की। समय रहते सूचना मिलने और पुलिस प्रशासन, नगर पालिका तथा स्थानीय रेस्क्यू टीम के समन्वित प्रयास से युवक की जान बचाई जा सकी। इस दौरान रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने तेज बहाव और अंधेरे के बीच जिस साहस का परिचय दिया, उसकी मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की।

खबर संक्षेप



अस्पताल की पार्किंग में घुसा तेंदुआ, रेस्क्यू

कवर्धा। सोमवार को शहर के स्नेहा अस्पताल की पार्किंग में अचानक तेंदुआ घुस आया। अस्पताल प्रबंधन ने सूझबूझ दिखाते हुए पार्किंग स्थल के सभी दरवाजे बंद कर दिए, जिससे तेंदुआ वहीं कैद हो गया और उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने का अवसर मिल गया। बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल की पार्किंग में लोगों की नजर तेंदुए पर पड़ी। तेंदुए ने इससे पहले एक महिला यशोदा बाई पर हमला किया था। घायल महिला का उपचार स्नेहा अस्पताल में ही चल रहा है। वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने के लिए बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी से विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया। करीब पांच घंटे के इंतजार के बाद कानन पेंडारी की टीम ने तेंदुए को बेहोश करने के लिए गनशॉट का इस्तेमाल किया। पहला गनशॉट लगने के बाद भी तेंदुआ बेहोश नहीं हुआ। इसके बाद दूसरा गनशॉट किया गया, जिसके बाद तेंदुआ बेहोश हो गया। वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

मुख्यमंत्री ने एनर्जी कैपिटल ग्लोबल को सौंपा निवेश के लिए आमंत्रण पत्र

सिंगापुर में छग को मिले 43 हजार 250 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 100 मेगावाट का एआई डेटा सेंटर बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और निवेश के क्षेत्र में बड़ा कदम बढ़ाते हुए सिंगापुर में आयोजित प्रथम सिंगापुर-इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ (सिंग) फोरम-2026 में 43,250 करोड़ रुपए के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। इनमें सबसे बड़ा प्रस्ताव 41,750 करोड़ रुपए का है, जिसके तहत सिंगापुर की कंपनी एनर्जी कैपिटल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ में 100 मेगावाट क्षमता का एआई-रेडी डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने फोरम में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के नामांकन पर राज्य ने फोरम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने एनर्जी कैपिटल ग्लोबल को निवेश के लिए आमंत्रण पत्र भी सौंपा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टानिस्लाव बोरिसोव ने कहा, एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी ऊर्जा, भूमि और सरकार का सहयोग छत्तीसगढ़ में उपलब्ध है। उन्होंने कहा, कंपनी मध्यभारत में बड़ा एआई-रेडी डेटा सेंटर कैंपस विकसित करने, अंतर्राष्ट्रीय पूंजी और विशेषज्ञता लाने तथा इसके संचालन के लिए छत्तीसगढ़ के इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की दिशा में काम करेगी।



ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड करेगी 1500 करोड़ का निवेश

इसके अलावा सनस्ट्रीम ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने सौर ऊर्जा, बैटरी स्टोरेज और संबंधित कंपोनेंट्स के क्षेत्र में 1,500 करोड़ रुपए के एफडीआई प्रस्ताव की पेशकश की है। राज्य सरकार के अनुसार, इन निवेश प्रस्तावों से डिजिटल और ऊर्जा क्षेत्र में गतिविधियों को गति मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनने की संभावना है।

18 माह में 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री श्री साय ने फोरम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ फायरसाइड चैट में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों से सीधे उनकी समस्याएं जानकर व्यवस्थाओं में बदलाव कर रही है। उनके अनुसार अब तक 450 से अधिक सुधार किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सुधारों, औद्योगिक नीति और सक्रिय प्रशासन के कारण पिछले 18 महीनों में छत्तीसगढ़ को 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

पानी समझ कर मासूम ने पी ली शराब, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

घर में खेल रहे मासूम ने प्लास्टिक बॉटल में रखी महुआ शराब को पानी समझ कर पी लिया। मासूम की हालत गंभीर होने पर परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा अंतर्गत ग्राम पसान काशी मूड पुलापुर निवासी मनीष कुमार आ. शिवलाल सिंह (3 वर्ष) 29 सितंबर को घर में खेल रहा था। उसकी मां फुलकुंवर वहीं पर काम कर रही थी। इसी बीच मासूम ने घर में प्लास्टिक बॉटल में रखी महुआ शराब को पानी समझ कर पी लिया। शराब पीने के बाद मासूम उल्टी करने लगा। शाम को जब पिता काम से घर लौटा तो पत्नी ने मनीष के शराब पी लेने की बात बताई। उल्टी करने के बाद मनीष की हालत में सुधार आया, लेकिन दूसरे दिन उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन ने उसे खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिरमिरी अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया गया है।

- इलाज के दौरान मेडिकल कालेज अस्पताल में तोड़ा दम

मंदिरों की बिजली, सामुदायिक भवनों के पंप कनेक्शन काटने के फैसले का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों के बाद अब मूलभूत सुविधाओं में कटौती क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मंदिरों की बिजली और सामुदायिक भवनों के पानी के पंपों की व्यवस्था बंद किए जाने का विरोध करेगी। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि मंदिरों की बिजली या सामुदायिक भवनों की पानी की लाइन काटी गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे।



नगर निगम द्वारा मंदिरों की निशुल्क बिजली व्यवस्था बंद करने और सामुदायिक भवनों में पानी के लिए लगे पंपों के विद्युत कनेक्शन काटने के निर्णय को लेकर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय ने विरोध जताया है। नगर निगम प्रशासन और सरकार पर जनता की मूलभूत सुविधाओं में कटौती करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मंदिरों में बिजली और पानी श्रद्धालुओं तथा आम नागरिकों की आवश्यकता है। इसी तरह सामुदायिक भवनों का उपयोग विभिन्न सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और नगर निगम को जनता की सुविधाएं बढ़ाने के बजाय मौजूदा सुविधाओं को कम करने के फैसले लिए जा रहे हैं। यदि नगर निगम आर्थिक संकट से गुजर रहा है तो अनावश्यक खर्चों में कटौती की जानी चाहिए, लेकिन मंदिरों और सामुदायिक भवनों की बिजली-पानी व्यवस्था बंद करने से आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।



पंक्ति ने जीता इंटरनेशनल इंडिया खिताब

जगदलपुर। प्रतिष्ठित संस्था प्राइड ऑफ इंडिया डीके पेजेंट द्वारा पंक्ति बेदरकर को मिस टीन इंडिपेंडेंट इंटरनेशनल इंडिया 2027 के खिताब से नवाजा गया है। इस उपलब्धि के साथ ही पंक्ति अब अप्रैल 2027 में इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

ओपीएस की मांग पर विद्युत कर्मचारियों का प्रदर्शन, 18 नवंबर से काम बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कर्मचारी संगठन शामिल

आमसभा को रमा पांडेय, अजय शर्मा, निशांत मुंडेजा, तेजप्रताप सिन्हा, वासुदेव भगत, राम इकबाल सिंह, धर्मेंद्र देवांगन, श्रीकांत बड़गैय्या, अनिल द्विवेदी, आरसी चेट्टी, मनोज वर्मा और श्रीकांत सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। मंच में अभियंता संघ सहित 12 कर्मचारी-अधिकारी संगठन शामिल हैं।

पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग को लेकर प्रदेशभर के विद्युत कर्मचारियों और अधिकारियों ने सोमवार को रायपुर स्थित विद्युत कंपनी मुख्यालय डगनिया के मेन गेट पर विशाल आमसभा की। 'विद्युत अधिकारी-कर्मचारी ओपीएस बहाली अधिकार मंच' के नेतृत्व में आंदोलन हुआ।

मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के करीब 8500 से 9000 अधिकारी-कर्मचारी अभी भी इसके लाभ से वंचित हैं। संगठनों के अनुसार, ऊर्जा विभाग ने 6 अक्टूबर 2023 को ओपीएस लागू करने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति दे दी थी, लेकिन अब तक आदेश जारी नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने प्रबंधन और राज्य सरकार के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपकर जल्द आदेश जारी करने की मांग की।

अधिकार मंच ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर 18 नवंबर 2026 को कामबंद कर सामूहिक अवकाश आंदोलन किया जाएगा।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE STUNNING NEW
BALENO
DARE TO GO GLAM

FRONT VENTILATED SEATS

*ADAS LEVEL 2

6 AIRBAGS

TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT
TO A SHOWROOM NEAR YOU.

Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

चिंतन

अपराध में डर दिखना चाहिए



डिजिटल
ओमकार चौधरी

जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के हालिया हंगामे ने एक बड़े सवाल को फिर सामने ला दिया है—क्या कंटेंट क्रिएटर होने के नाम पर कानून और मर्यादा की सीमाएं भी खत्म हो जाती हैं? लोकतंत्र में सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना और व्यवस्था की जवाबदेही तय करना नागरिक अधिकार हैं, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना, पुलिस से अभद्रता करना या भीड़ के बीच अराजकता पैदा करना किसी अधिकार का हिस्सा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचाने की ताकत दी है। ऐसे में डिजिटल आजादी के साथ जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद सजा देना नहीं, बल्कि अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करना भी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में यह डर जितना मजबूत होगा, अपराधियों के हौसले उतने ही कमजोर होंगे। दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों के भीतर नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इसी कठोर वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। यह टिप्पणी किसी प्रतिशोध की भावना नहीं, बल्कि कानून के प्रभावी और दृश्यमान होने की जरूरत को रेखांकित करती है। 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। बस करीब 47 किलोमीटर चलती रही और कश्मीरी गेट पर पीड़िता को उतारा गया। बस की खिड़कियों पर पर्दे लगे थे, यानी अपराधियों को यह भरोसा था कि उन्हें कोई देख नहीं रहा। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन खेत के पास मिला। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय छात्रा से तीन युवकों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दुष्कर्म किया। तीनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन इनके पीछे सवाल एक है। क्या अपराधियों को व्यवस्था का पर्याप्त भय था? सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई है। अदालत ने साफ कहा कि केवल कागजों पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। आस्था कुंज पार्क मामले में यह तथ्य और गंभीर है कि एलएसआर कॉलेज की छात्राओं की ओर से पहले यौन उत्पीड़न की शिकायतें किए जाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं हुए। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में पोक्सो के 1,553 मामले दर्ज हुए हैं। यानी औसतन हर दिन चार से ज्यादा मामले। 2025 की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। ये केवल दर्ज मामले हैं; इसलिए इन्हें समस्या की पूरी तस्वीर मान लेना भी उचित नहीं होगा। बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में सामाजिक दबाव, डर और बदनामी के कारण अनेक मामले सामने ही नहीं आ पाते। यहां 'मौत का डर' वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भी सही संदर्भ में समझना होगा। इसका अर्थ कानून से बाहर जाकर हिंसा या त्वरित न्याय नहीं है। लोकतंत्र में आरोपी को भी संविधान और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। लेकिन जांच तेज हो, गिरफ्तारी प्रभावी हो, अभियोजन मजबूत हो और दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिले जो दूसरे संभावित अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी बने। यही कानून के डर का वास्तविक अर्थ है। आखिरकार, कानून का डर तभी पैदा होगा जब कानून जमीन पर दिखाई देगा। अपराधी को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि अपराध छिपाया नहीं जा सकता, जांच टाली नहीं जा सकती और सजा से बचना आसान नहीं है। मानवाधिकार अपराधी को कानून से ऊपर नहीं रखते और कठोर कानून व्यवस्था नागरिक अधिकारों को खत्म नहीं करती। लोकतंत्र की असली कसौटी यही है कि निर्दोष सुरक्षित रहें और अपराधी को कानून का डर रहे।

चुनौती बन रहा सोशल मीडिया

पिछले कुछ दिनों से हम और आप जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं का अलग ही रूप और हंगामा देख रहे हैं। इन्हें कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। कुछ का कथन है कि यह सब सीजेपी के ही समर्थक हैं और रिपोर्टिंग के नाम पर पुलिस के साथ अभद्रता करके अराजक माहौल बनाने की चेष्टा कर रहे हैं, कुछ का कहना है कि यदि ये कंटेंट क्रिएटर भी हैं तो उनका पुलिस के साथ बदजुबानी करने, उसके साथ भिड़ने या उनके सरकारी काम-काज में बाधा उत्पन्न करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी आंदोलन स्थल पर यदि हजारों की संख्या में वीडियोग्राफी शुरू कर दी जाए। माइक हाथ में लेकर पुलिस-प्रशासन से तीखे सवाल पूछने का क्रम शुरू कर दिया जाए तो फिर उनके असली मक़सद को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। हमने इस पैदा हुई ताजा समस्या की पड़ताल करने की कोशिश की है।

भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन, दोस्तों से संपर्क या तस्वीरें साझा करने का माध्यम नहीं रह गया है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और एक्स (ट्विटर) सहित दूसरे डिजिटल मंचों ने सूचना, समाचार, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन रखने वाला व्यक्ति आज अपना चैनल शुरू कर सकता है, लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और कुछ मामलों में परंपरागत मीडिया संस्थानों से भी बड़ी दर्शक संख्या हासिल कर सकता है। इस 'क्रांति' का दूसरा पहलू भी है। जब करोड़ों लोग सामग्री तैयार और प्रसारित कर रहे हों, तब फर्जी सूचनाओं, आपत्तिजनक वीडियो, अश्लीलता, बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री, नफरत फैलाने वाले संदेश और कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में सरकार, अदालतों, बाल अधिकार संस्थाओं और संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का ध्यान इसी चुनौती पर तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब बाजारों में है। जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक वर्ष में 10 करोड़ से अधिक चैनलों ने कम-से-कम एक वीडियो अपलोड किया। भारत में 15 हजार से अधिक यूट्यूब चैनल 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर का स्तर पार कर चुके हैं। दिसंबर 2023 तक एक लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले भारतीय चैनलों की संख्या 1.10 लाख से अधिक बताई गई थी। पुराने आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स आकलन में सात लाख से अधिक भारतीय क्रिएटर्स और पार्टनर्स को यूट्यूब से आय अर्जित करने वाले व्यापक तंत्र का हिस्सा बताया गया था। भारत की विशेषता इसकी भाषाई विविधता भी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और दूसरी भाषाओं में बड़े पैमाने पर सामग्री बन रही है। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 50 करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है। अलग-अलग संस्थाओं के आंकड़ों में अंतर इसलिए मिलता है, क्योंकि कहीं सक्रिय उपयोगकर्ता गिने जाते हैं, कहीं पंजीकृत खाते और कहीं विज्ञापन के जरिए पहुंच सकने वाली संभावित दर्शक संख्या। इंस्टाग्राम की भारत में विज्ञापन पहुंच लगभग 50 से 51 करोड़ खातों के स्तर पर आंकी गई है। यूट्यूब की भारतीय दर्शक संख्या भी लगभग 50 करोड़ के आसपास है। फ़ेसबुक की पहुंच करीब 40 करोड़ और स्नैपचैट की करीब 21 से 22 करोड़ के स्तर पर मानी जाती है। LinkedIn के भारत में करीब 19 करोड़ पंजीकृत सदस्यों का अनुमान है। इन आंकड़ों को जोड़कर यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि भारत में डेढ़-दो अरब सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे अधिक सोशल मीडिया फॉलोइंग वाले राजनीतिक नेताओं में शामिल हैं। हमारी पड़ताल के समय उनके इंस्टाग्राम फालोअर्स करीब 10.7 करोड़ और एक्स पर करीब 10.9 करोड़ के स्तर पर थे। यूट्यूब पर उनके लगभग 3.1 करोड़ सब्सक्राइब थे। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम पर करीब 1.57 करोड़, यूट्यूब पर लगभग 1.1 करोड़ और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एक्स पर लगभग 2.85 करोड़ फालोअर्स थे। अरविंद केजरीवाल के इंस्टाग्राम पर करीब 40 लाख और X पर करीब 2.65 करोडड फालोअर्स का स्तर था। ये संख्याएं लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। राजनीतिक नेता अब अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए केवल अखबारों और टेलीविजन चैनलों पर निर्भर नहीं हैं। उनके पास करोड़ों लोगों से सीधे संवाद करने की अपनी डिजिटल व्यवस्था है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद मिलकर देश के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर केंद्रों में बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुअंसर्स की कोई आधिकारिक सरकारी जनगणना उपलब्ध नहीं है। उद्योग आधारित अनुमानों में 10 हजार या उससे अधिक फालोअर्स वाले क्रिएटर्स और इन्फ्लुअंसर्स की संख्या करीब 70 हजार के स्तर पर होने का अनुमान सामने आता है। इसे आधिकारिक संख्या नहीं माना जाना चाहिए। छोटे और नेनो क्रिएटर्स को शामिल किया जाए तो वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। यहीं से सबसे कठिन सवाल शुरू होता है। अगर लाखों लोग बिना किसी संपादकीय संस्था के सीधे करोड़ों दर्शकों तक सामग्री पहुंचा सकते हैं तो गैरकानूनी सामग्री की जिम्मेदारी किसकी होगी? भारत में इन्फ्लुअंसर्स के लिए कोई अलग एक्ट नहीं है। ऑनलाइन सामग्री मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और दूसरे संबंधित कानूनों के दायरे में आती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्धारित परिस्थितियों में सरकार ऑनलाइन सामग्री को ब्लाक करने के निर्देश दे सकती है।



अश्लील सामग्री के लिए धारा 67, सैक्सुअल सामग्री के लिए 67ए और बच्चों से संबंधित यौन सामग्री के लिए धारा 67बी महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार की कार्रवाई का दायरा भी बढ़ा है। 2024 में जनवरी से अक्टूबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 9,845 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाने का आंकड़ा सामने आया था। मार्च 2024 में अश्लील सामग्री के मामले में 18 ओटीटी प्लाटफार्मस, 19 वेबसाइट, 10 एप्लीकेशन और 57 सोशल मीडिया हैंडल्सके खिलाफ ब्लाकिंग कार्रवाई की गई। आपरेशन सिंदूर के दौरान 2025 में 1,400 से अधिक डिजिटल यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। अब सवाल सोशल मीडिया को नियंत्रित करने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने भर का नहीं है। असली चुनौती संतुलन की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और बच्चों का शोषण, अश्लीलता, हिंसा, फर्जी सूचना तथा दूसरी गैरकानूनी सामग्री भी बेलगाम न हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विदेश नीति
महेन्द्र तिवारी



रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की सक्रिय शांति पहल

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति के मायने तेजी से बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष ने पूरी दुनिया को एक अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। इस युद्ध की शुरुआत में भारत ने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से शांति स्थापित करने की अपील की थी, लेकिन जैसे-जैसे यह युद्ध खिंचता गया भारत की कूटनीतिक रणनीति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। आज भारत केवल युद्धविराम की औपचारिक अपील तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इस संघर्ष से उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्व पटल पर भारत की उस छवि को मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माता के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से खुद को दूर रखने की नीति का पालन किया था ताकि वह अपने आंतरिक विकास पर ध्यान दे सके, लेकिन 21वीं सदी का भारत एक अत्यंत शक्तिशाली और आत्मविश्वास से भरा राष्ट्र है। आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कोई भी बड़ी घटना भारत को अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारत ने अपनी पुरानी संकोचशील नीति को त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनाई है। रूस और यूक्रेन के संदर्भ में यह मुखरता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूक दर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। किसी भी युद्ध में केवल हथियार डाल देने की अपील करना सबसे आसान काम होता है, लेकिन जमीन पर मौजूद जटिलताओं को सुलझाना असली कूटनीति है। भारत ने यह गहराई से समझ लिया है कि रातों रात कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हो सकता है। इसलिए उसने अपना ध्यान उन मुद्दों पर केंद्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशों पर पड़ रहा है। इस युद्ध ने दुनिया भर में खाद्यान्न संकट और ऊर्जा की कमी को जन्म दिया है। ऐसे में भारत ने अपनी कूटनीतिक ऊर्जा को उन क्षेत्रों में लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को पतन से बचा सकते हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से यह बात रखी है कि यूरोप की समस्या को पूरी दुनिया की समस्या नहीं माना जाना चाहिए, लेकिन इस युद्ध के आर्थिक परिणामों से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है। विकासशील देशों की आवाज बनकर भारत ने खुद को एक स्वाभाविक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है। जब भारत काला सागर की सुरक्षा या उर्वरकों की आपूर्ति की बात करता है तो वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि उन तमाम देशों के लिए बोल रहा होता है जिनकी आवाज वैश्विक मंचों पर अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। हाल के महीनों में भारतीय नेतृत्व द्वारा किए गए उच्च स्तरीय संवाद इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि भारत शांति की प्रक्रिया में कितना गहराई से निवेश कर रहा है। दोनों देशों के उच्च नेतृत्व के साथ सीधे संपर्क में रहकर भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न ना हो। जब युद्ध के मैदान में हथियार चल रहे होते हैं तब कूटनीतिक वार्ता के दरवाजे खुले रखना एक अत्यंत कठिन कार्य होता है। भारत ने अपनी कूटनीतिक कुशलता से इस दरवाजे को बंद नहीं होने दिया है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्वतंत्र और लचीली है। भारत की इस मध्यस्थता की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका दोनों पक्षों के बीच समान रूप से विश्वसनीय होना है। वर्तमान में बहुत कम देश ऐसे हैं जो रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बिना किसी पूर्वाग्रह के बातचीत कर सकते हैं। रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बहुत गहरे हैं इसलिए रूसी नेतृत्व भारत की चिंताओं को बहुत गंभीरता से लेता है। अंततः यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस टकराव में भारत की भूमिका एक मूक दर्शक या केवल उपदेश देने वाले देश की बिल्कुल नहीं रह गई है। ठोस आर्थिक और मानवीय मुद्दों पर बातचीत करके, सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करवाकर और परमाणु सुरक्षा जैसे अत्यंत गंभीर विषयों पर हस्तक्षेप करके भारत ने विश्व को यह दिखा दिया है कि वह सबसे जटिल भू राजनीतिक समस्याओं का भी व्यावहारिक समाधान देने की असीम क्षमता रखता है। यही वह अद्वितीय कूटनीतिक कौशल है जो आने वाले समय में वैश्विक व्यवस्था में भारत के कद को और अधिक ऊंचा करेगा और उसे सही मायनों में विश्व में शांति स्थापित करने वाले एक प्रमुख और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में हमेशा के लिए मान्यता दिलाएगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मेहनत के बाद भी नहीं मिल रही सफलता?



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें। अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"

सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

अंतर्मन



आज की पाती

पशुओं की आंखों से दुनिया को देखें

हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम थी 'उनकी आंखों से दुनिया को देखें।' यह थीम केवल एक भावुक अपील नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने व्यवहार पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। आखिर जिस धरती को हम अपना घर कहते हैं, उस पर रहने का अधिकार केवल मनुष्य का तो नहीं है। विश्व पशु दिवस का इतिहास भी अपने आप में प्रेरणादायक है। जर्मनी में हेनरिक जिमर्मन ने 24 मार्च 1925 को बर्लिन में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। 1929 में 4 अक्टूबर को यह दिवस मनाया गया और 1931 में फ्लोरेंस में एक सम्मेलन में 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।

-प्रदीप कश्यप, भाटापारा

ट्रेंड

महारानी दुर्गावती को नमन



नारी शक्ति और स्वाभिमान की पर्याय, गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। महारानी दुर्गावती जी ने न्यायप्रियता व जनसेवा की मिसाल कायम की।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भ्रम फैला रहा विपक्ष



एसआईआर पर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम उसके अपने नेताओं के बयानों से ही गलत साबित हो रहा है, जो कहते हैं कि एसआईआर जरूरी और सही दोनों है। 'निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला पारदर्शी मतदाता सूचियां हैं।

-अर्जुन राम मेघवाल, कानून मंत्री

भड़काना चाह रहे मणिशंकर



यह वही मणिशंकर अय्यर हैं जो पाकिस्तान गए थे और कहा था कि अब हमें मोदी सरकार को गिराना है। वह फिर वहां जाना चाहते हैं और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को भड़काना चाहते हैं। एक और साक्षात्कार देना चाहते हैं। वह भारत में रैलियां करने या विरोध प्रदर्शन करके संतुष्ट नहीं हैं। -संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

'आप' दोगुनी बेशर्म



जिस पार्टी के राज्यसभा में छह-सात सांसद पार्टी छोड़कर चले गए, वह हमें दलबदल पर उपदेश दे रही है। 'आप' के लोग कितने कमाल के हैं। मुझे लगता था कि मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी बेशर्म है, लेकिन 'आप' उससे भी दोगुनी बेशर्म निकली।' वह हमें उपदेश नहीं दे सकते।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

अमेरिका वायुसेना ने ब्रिटेन से बमवर्षक विमान वापस बुलाए



इंग्लैंड स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर कथित आतंकवादी हमले की साजिश की जांच के बीच अमेरिकी वायुसेना ने वहां तैनात अपने सभी बमवर्षक विमानों को वापस अमेरिका बुला लिया है। इन विमानों का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर रविवार को बताया कि इन बमवर्षक विमानों को अमेरिका में उनके मूल ठिकानों पर वापस भेज दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें नए हमले करना भी शामिल है। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में एक रैली में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से रवाना होते समय कहा, 'ईरान को लेकर मुझे कुछ फैसले करने हैं। ईरान तबाह हो चुका है और अब प्रश्न यह है कि आगे कड़े कदम उठाने हैं या आसान।' पिछले सप्ताह मध्य लंदन में ब्रिटेन-ईरानी नागरिकता वाले एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

ऑफ बीट

'ड्रीम जॉब' की दौड़ में जिंदगी तो कहीं पीछे नहीं छूट रही?



किसी न किसी मोड़ पर हममें से ज्यादातर लोगों ने काम को लेकर यह सलाह जरूर सुनी होगी कि 'ऐसा काम चुनो जिसे करने में आपको खुशी मिले, फिर वह आपको जिंदगी में कभी बोझ या मजबूरी नहीं लगेगा और काम करना भी आपको काम जैसा महसूस नहीं होगा। 'ड्रीम जॉब' यानी ऐसी नौकरी का विचार, जिसे हम अपने सपनों के अनुरूप मानते हैं, सुनने में बेहद आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है। इससे यह उम्मीद पैदा होती है कि नौकरी सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि जीवन में उद्देश्य, अपनी पहचान और व्यक्तिगत संतुष्टि पाने का भी जरिया हो सकती है। लेकिन एक नौकरी से इन सभी उम्मीदों को जोड़ देना खासकर करियर की शुरुआत करने वाले युवाओं के लिए दबाव का कारण बन सकता है। हो सकता है समस्या यह न हो कि हम अपने काम में उद्देश्य तलाशने में नाकाम हो रहे हैं, बल्कि यह हो कि हमें शुरू से यह उम्मीद करना सिखाया गया है कि एक ही नौकरी हमें सब कुछ देगी—जीवन का उद्देश्य, पहचान, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत संतुष्टि। अर्थपूर्ण काम निश्चित रूप से संतुष्ट जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लेकिन हर हाल में एक 'ड्रीम जॉब' हासिल करने की कोशिश हमें थकान, आर्थिक दबाव और पहचान की अस्थिरता की ओर भी ले जा सकती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



पोस्टपोन हुई 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। फैंस को फिल्म का और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। ये दूसरी बार है जब फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन किया गया है। पहले फिल्म को 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब फिल्म की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म को आगे बढ़ाकर 23 अक्टूबर कर दिया गया है। उड़ता तीर को 11 सितंबर को रिलीज किया जाना था।

लाइफ Style

जान्हवी

डीपफेक वीडियो पर जताई नाराजगी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' पर बनाए गए कथित एआई जनरेटेड अश्लील डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

जान्हवी सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिना अनुमति महिलाओं की तस्वीरों और वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर प्रसारित किए जाने की आलोचना की। जान्हवी ने कहा कि तकनीक का इस तरह गलत इस्तेमाल महिलाओं की गरिमा और निजता का गंभीर उल्लंघन है।जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनकी इच्छा के बिना आपत्तिजनक कंटेंट में दिखाना बेहद गंभीर मामला है। अभिनेत्री ने ऐसे कंटेंट को तैयार करने और फैलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य यौन उत्पीड़न के समान है। जान्हवी ने कहा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह पेश करना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट तैयार कर उसे इंटरनेट पर फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल रचनात्मक काम के लिए किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी छवि का आपत्तिजनक इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं हैं।



हेली का 'इश्का-इश्का' का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। *अभिनेत्री हेली शाह की आगामी वेब सीरीज 'इश्का इश्का' रिलीज को लेकर तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार के गहरे, जुनूनी और डार्क पक्ष को उजागर करती है। ट्रेलर में आरोही (हेली), कबीर (सत्यजीत दुबे) और सुहानी (अनुष्का कौशिक) की कहानी दिखाई गई है, जो तीन जिंदगियां हैं और एक उलझे हुए इमोशनल रिश्ते में फंसी हुई हैं। ट्रेलर में मुख्य रूप से कबीर (सत्यजीत दुबे) नामक एक लेखक की कहानी दिखाई गई है, जो दो अलग-अलग रिश्तों के बीच फंस जाता है। सुहानी (अनुष्का कौशिक) उसके जीवन में स्थिरता और विश्वास लेकर आती है लेकिन तभी उसके अतीत से आरोही (हेली) की वापसी होती है। हेली शाह इस सीरीज में 'आरोही' का एक बेहद आप्रत्याशित और गहरा किरदार निभा रही हैं। उनका रिश्ता कबीर के साथ काफी इंटेंस और जुनूनी होता है, जो कबीर के वर्तमान जीवन को पूरी तरह प्रभावित और अशांत कर देता है।*





सल्लू की 'मातृभूमि' को मिली एनओसी...

मुंबई। सलमान खान की आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच 2020 में हुए सैन्य टकराव की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है। सरकार की आपत्तियों के बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म का संशोधित वर्जन सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंपा था। मंत्रालय को नए वर्जन पर कोई आपत्ति नहीं रही, जिसके बाद फिल्म को एनओसी दे दी गई। अब फिल्म की रिलीज के लिए अगला महत्वपूर्ण चरण सीबीएफसी की मंजूरी है। अगर 13 नवंबर की तारीख तय होती है तो फिल्म दिवाली के बाद सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। निर्माताओं को उम्मीद है कि त्योहार के बाद का माहौल फिल्म के लिए दर्शक जुटाने में मददगार हो सकता है।

'सत्यवान सावित्री' की नई डेट का ऐलान

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश और डायरेक्टर मिश्किन की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी। लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी।

जेलर 2 ट्रेलर आउट, नए अवतार में विद्या बालन

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर टाइगर मुथुवेल पांडियन के किरदार में नजर आ रहे हैं। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर रजनीकांत के सिग्नेचर स्वैग, दमदार अंदाज और जबरदस्त एक्शन से भरपूर है, जो इस ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के अगले बड़े अध्याय की झलक पेश करता है। हालांकि, ट्रेलर में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली बातों में से एक है विद्या बालन का बिल्कुल नया और शानदार अवतार। रजनीकांत के साथ नजर आ रहीं विद्या एक बोल्ड और असरदार लुक में दिखाई दे रही हैं। छोटे हेयरस्टाइल, डार्क स्टाइलिंग और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ उनका किरदार कांता, तुरंत दर्शकों के मन में उत्सुकता पैदा करता है। इसी के साथ विद्या इस बार जेलर की दुनिया में एक बिल्कुल अलग ऊर्जा लेकर आती नजर आ रही हैं। इसमें दो राय नहीं है कि विद्या बालन और रजनीकांत को एक साथ स्क्रीन पर देखना खास तौर पर रोमांचक अनुभव है, क्योंकि दोनों राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार पहली बार एक साथ नजर आ रहे हैं।







विनर घोषित होने पर भावुक हुए अविनाश

मुंबई। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान किया तो एक्टर भावुक हो गए। बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की।



Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-10-2026 को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-10-2026 को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अत:, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

क्र. सं.	खाता, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता	लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण	मांग सूचना की तिथि पर पूर्व बकाया राशि समस्त ब्याज एवं अन्य व्यय सहित (रूपये में)
1.	घनश्याम मिश्रा, भारती मिश्रा	फ्लैट-प.ह.नं.-10/13, ख.नं.118/122, घनश्याम पी+सी, व्यापर्तित संपत्ति ख.नं.118/122 का भाग, 2700 वर्ग फुट, मौजा भुरकोनी, प.ह.नं.10/13, आर.आई.सी. रायपुर-16-सरगांव, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़, 493111। चौहद्दी:पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-सड़क, दक्षिण-विक्रेता की भूमि।	16,98,911
2.	कीर्ति साहू, कमलेश कुमार साहू	फ्लैट- प.ह.नं.38, ब्लॉक/भवन नंबर- ख.नं. 176/17, वार्ड नं.04, ब्लॉक/भवन का नाम-ख.नं. 176/17 का भाग; प.ह. नं.38; यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 04; खमतराई तालाब के पास; शीतला मंदिर के बगल में; गोवर्धन नगर; गंगा नगर; ग्राम - खमतराई; तह. एवं जिला. रायपुर छ.ग. - कीर्ति सेको, प.ह.नं. 0038, ख.नं. 176/27 रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492014। चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-शिवानी सिंह की भूमि, उत्तर-शिवानी सिंह की भूमि, दक्षिण-ईश्वरी बाई साहू की भूमि।	10,69,995
3.	नीलेश कुमार तेलंग	फ्लैट-प.ह.नं.19/23, ख.नं.80/5, गांव पोटियाकला, आनंद अपार्टमेंट, फेज-02, ब्लॉक-डी, फ्लैट नं. 301, तीसरी मंजिल, पोटियाकला (दक्षिण) वार्ड, वार्ड नंबर 54, तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.), आनंद विहार, पोटियाकला, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001। चौहद्दी: पूर्व-खुला स्थान, पश्चिम-फ्लैट नंबर डी-313, उत्तर-गलियारा और मार्ग, दक्षिण-फ्लैट नंबर डी-302।	18,31,179
4.	संजय भगत, रीता देवी	प्लॉट-प.ह.नं. 86, खसरा नंबर 269/357, भगत पी+सी, संपत्ति वाली भूमि-खसरा नंबर 269/357 का भाग, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट। मौजा रावांभाठा, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, वार्ड नं. 12, पी. एच. क्रमांक 86, आर.आई.सी. रायपुर-21- रावाभाठा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग..), रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221 । चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-प्रशांत भारती का मकान, उत्तर-रोड, दक्षिण-खान का प्लॉट।	4,35,438
5.	श्रीकांत कुमार, कंचन कुमारी	प्लैट- प.ह. नं. 103,-ख.नं 460/5, श्रीकांत पी+सी, मौजा/ग्राम-जरवे उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 103, 460/5 का भाग रा.नि.मं./तहसील/जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-मंजू ओझा का प्लॉट, उत्तर-रवि का प्लॉट, दक्षिण-चंदन का प्लॉट।	9,26,027
6.	सुखारी यादव, मंजू यादव	फ्लैट-ख.नं. 513/33, ब्लॉक/भवन नंबर- प.ह.नं. 101/29, सुखारी यादव - सेको, संपत्ति वाली भूमि- खसरा नं. 513/33 का भाग, क्षेत्रफल-550 वर्ग फुट, मौजा उरला, राजेंद्र नगर, गुरुघासीदास वार्ड, वार्ड नंबर 20, प.ह.नं. 101/29, आर.आई.सी. रायपुर-21-रावांभाटा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, चौहद्दी: पूर्व-गली (6-0''), पश्चिम- लक्ष्मी नारायण का मकान, उत्तर- जगत देवांगन का मकान, दक्षिण-जर्नादन चौहान का मकान।	2,65,145
7.	योगेंद्र कुमार, रिंकी देवी	मकान - प.ह.नं. 101/88, खसरा नं. 48/51, योगेंद्र द्वारा पुनर्विक्रय। संपत्ति वाली भूमि- खसरा नं. 48/51 वाली संपत्ति, क्षेत्रफल 0.006 हेक्टेयर या 630 वर्ग फुट, मौजा बिरगांव, मकान नंबर 101/88, आर.आई.सी. रायपुर-17, बिरगांव, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221। चौहद्दी: पूर्व - सड़क, पश्चिम -पुरुषोतम वर्मा की भूमि, उत्तर - आजू राम साहू का मकान, दक्षिण - रामआसरा निर्मलकर का मकान।	16,50,088

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं और गारंटरों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर,भिलाई
दिनांक: 06-10-2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

एसआईआर' पर सुप्रीम कोर्ट टिप्पणी के बाद कांग्रेस का बड़ा हमला

'फॉर्म-6 में हुआ दुर्भावनापूर्ण बदलाव यह संविधान के साथ विश्वासघात'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। फॉर्म-6 में कथित बदलाव को लेकर रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर सीधे निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म-6 में 'दुर्भावनापूर्ण बदलाव' किया गया और शुरुआत में ऐसा संकेत दिया गया कि इस बदलाव को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी हासिल है।



■ गंभीर खुलासों को देखते हुए सीईसी ज्ञानेश को निलंबित' करने की उठाई मांग

रमेश ने इसे मुख्य चुनाव आयुक्त के 'छलपूर्ण आचरण' का गंभीर उदाहरण बताया और कहा कि इसका किसी भी तरह बचाव नहीं किया जा सकता। रमेश ने आरोप लगाया कि सीईसी ने न केवल गलत जानकारी दी, बल्कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारे पर कानून का उल्लंघन किया तथा संविधान की भावना और उसके शब्दों के साथ विश्वासघात किया। हालांकि, ये सभी आरोप कांग्रेस नेता की ओर से लगाए गए हैं और इन पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है।

कई नाम स्पष्ट रूप से गलत तरीके से हटाए गए

जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐसी याचिका पर सुनवाई की, जिसमें अन्य मांगों के साथ सीईसी ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने की मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि हाल में सामने आए गंभीर खुलासों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के पास चुनाव आयोग जैसी लोकतंत्र की बुनियादी संस्था में जनता का भरोसा बहाल करने का एक असाधारण अवसर है। रमेश ने एसआईआर की प्रक्रिया को 'कामचलाऊ, गैरकानूनी और लापरवाह' बताते हुए आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा और सेवानिवृत्त दोनों जजों की ओर से इस प्रक्रिया की आलोचना की गई है। उन्होंने दावा किया कि पर्याप्त उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना बड़े पैमाने पर और अंधाधुंध मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिनमें कई नाम स्पष्ट रूप से गलत तरीके से हटाए गए। हालांकि, जयराम रमेश ने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया है। उनके अनुसार, कोर्ट ने मामले में जवाब मांगा है।

विपक्ष बना रहा लगातार दबाव

एसआईआर और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष लगातार सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव बना रहा है। सोमवार का विपक्षी सांसदों का मार्च इसी विरोध की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। विपक्ष की मांग है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो, किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित प्रक्रिया के न हटाया जाए और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब दिया जाए।

एसआईआर प्रक्रिया दशकों पुरानी परंपराः सीएम फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई बात नहीं है। बल्कि, ये एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसे चुनाव आयोग दशकों से समय-समय पर अपनाता रहा है। भारत की चुनावी व्यवस्था में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया कई दशकों से चली आ रही है। मतदाता सूचियां सटीक और विश्वसनीय बनी रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने विभिन्न चरणों में इन सूचियों का गहन संशोधन किया है। 1952 से 1956, उसके बाद 1957, 1961, 1965 और 1966 में भी पुनरीक्षण किया गया। आगे 1983-84, 1987-89, 1992, 1993 और 1995 में भी वोटर लिस्ट में बदलाव किए गए। चुनाव आयोग ने 2002, 2003 और 2004 में फिर से पुनरीक्षण किया।

ज्ञानेश कुमार देश के दुश्मनः राऊत



शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने भी सीइसी ज्ञानेश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच ज्ञानेश कुमार भूमिगत हो गए हैं। राउत ने कहा कि निर्वाचन आयोग को उन विपक्षी सांसदों से मिलना चाहिए, जिनके साथ उन राज्यों में कथित तौर पर अन्याय हुआ है जहां चुनाव आयोग ने भाजपा की मदद की। ज्ञानेश कुमार देश के दुश्मन हैं। ज्ञानेश कुमार को हमारे सामने आना चाहिए। वह भूमिगत हैं। राउत ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और बिहार में विपक्षी सांसदों के साथ अन्याय हुआ है और इन राज्यों में निर्वाचन आयोग ने भाजपा की मदद की।

पश्चिम-एशिया युद्ध के बीच उत्तराखंड में युद्धाभ्यास करती भारत-यूएई की सेनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के चिंताजनक दौर में यहां देश में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थलसेनाएं उत्तराखंड के चौबटिया स्थित विदेश प्रशिक्षण नोड में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'माउंटेन गार्डियन-2026' करने में लगी हुई हैं। इस बार युद्धाभ्यास की शुरुआत 5 अक्टूबर को हुई है और इसका समापन 18 अक्टूबर को होगा। माउंटेन गार्डियन का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर दोनों सेनाओं में पर्वतीय युद्धकौशल को लेकर अंतर-संचालनीयता से लेकर आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना है। सेना ने सोमवार को बताया, माउंटेन गार्डियन युद्धाभ्यास में भारत और यूएई के कुल 92 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। जिसमें नई दिल्ली और संयुक्त अरब अमीरात से समान संख्या में 46 रणबांकुरों का दल शामिल है।

'कार्यालय नगर पालिका परिषद् बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
cmobalrampur123@gmail.com

क्रमांक/1369/लो.नि.शा./न.पा.प./2026 बलरामपुर दिनांक 05/10/2026

मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पार्षद मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु PWD BLD SOR 10.06.2026 एवं PWD ROAD SOR 15.06.2026 से त्रिलिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित किया जाता है:-
1. निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 26/10/2026 को समय 03:00 बजे दोपहर तक
2. प्राप्त निविदा को खोलने की तिथि :- 29/10/2026 को समय 12:00 बजे दोपहर तक

क्र.	कार्य का नाम	तकनीकी स्वीकृत राशि (लाख में)	समयावधि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क
1	वार्ड क्रमांक 01 में आंगनबाड़ी के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1.94	02 माह	2000.00	300.00
2	वार्ड क्रमांक 01 में ऑफिस के पास गार्डन का सौन्दर्थीकरण कार्य	4.87	03 माह	4900.00	750.00
3	वार्ड क्रमांक 02 में परशु घर के पास नाली निर्माण कार्य	1.94	02 माह	2000.00	300.00
4	वार्ड क्रमांक 03 में चर्च घर बाजार कलवर्ट तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	3.63	02 माह	3700.00	750.00
5	वार्ड क्रमांक 04 में फिलोमिना घर सेन्दूर नदी रोड़ तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य	8.42	03 माह	6400.00	750.00
6	वार्ड क्रमांक 06 में शनि मंदिर के पीछे चबूतरा निर्माण कार्य	1.80	02 माह	2000.00	300.00
7	वार्ड क्रमांक 07 में अटल चौक से सैल्लु कुशवाहा घर तक शेड निर्माण कार्य	2.65	02 माह	2700.00	750.00
9	वार्ड क्रमांक 07 में सुभाष दुकान से जनपद कार्यालय तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	4.30	03 माह	4300.00	750.00
10	वार्ड क्रमांक 07 में चबूतरा निर्माण कार्य	1.75	02 माह	2000.00	300.00
11	वार्ड क्रमांक 08 में जितेन्द्र घर से देवेन्द्र घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	2.37	02 माह	2400.00	750.00
12	विभिन्न वार्डों हेतु (वार्ड क्रमांक 08, 09 10) आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	3.02	02 माह	3100.00	750.00
13	वार्ड क्रमांक 10 में इमली पेड़ के नीचे चबूतरा निर्माण कार्य	1.80	02 माह	2000.00	300.00
14	वार्ड क्रमांक 10 में इमली पेड़ के पास आर.सी.सी. क्रांसिग निर्माण कार्य	1.22	02 माह	2000.00	300.00
15	वार्ड क्रमांक 12 में एस.पी. ऑफिस के पीछे आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1.76	02 माह	2000.00	300.00
16	वार्ड क्रमांक 12 में प्रभाशंकर मिश्रा के घर से विनय यादव के घर तक सी.सी. सडक निर्माण कार्य	2.20	02 माह	2200.00	750.00
17	वार्ड क्रमांक 12 में आंगनबाड़ी के पास आर.सी.सी. नाली क्रांसिग निर्माण कार्य	1.22	02 माह	2000.00	300.00
18	वार्ड क्रमांक 12 में प्रभाशंकर मिश्रा के घर से विनय यादव के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1.76	02 माह	2000.00	300.00
19	वार्ड क्रमांक 13 में सकील घर से रोहित घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	3.55	02 माह	3600.00	750.00
20	वार्ड क्रमांक 13 में चबूतरा निर्माण कार्य	3.29	02 माह	3300.00	750.00
21	वार्ड क्रमांक 14 में पुलिया से लमरू घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य	3.36	02 माह	3400.00	750.00
22	वार्ड क्रमांक 14 में नीरज घर से विनोद घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य	3.36	02 माह	3500.00	750.00
23	वार्ड क्रमांक 14 में हर्षवर्धन घर से रीता घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	3.58	02 माह	3600.00	750.00
24	वार्ड क्रमांक 15 में आंगनबाड़ी से फॉरेस्ट कॉलोनी तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य	8.52	03 माह	6400.00	750.00

नोट :- निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा / सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज

भारतीय रेस्तरां में आग, दो नाबालिगों को 10 साल जेल

लंदन। पूर्वी लंदन के एक भारतीय रेस्तरां में आग लगाने के मामले में 17 वर्षीय दो नाबालिगों को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई। इस घटना में रेस्तरां में खाना खा रहे लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। लंदन की ओल्ड बेली अदालत को पिछले सप्ताह बताया गया कि अगस्त 2025 में ये दोनों नाबालिग चाकू लेकर गैंट्स हिल स्थित 'इंडियन अरोमा' रेस्तरां में घुसे और उन्होंने दरवाजे बंद कर दिए जबकि तीसरे व्यक्ति ने रेस्तरां के अंदर ईंधन छिड़ककर आग लगा दी।

पायलट ने भेजा इमरजेंसी अलर्ट, रास्ता बदलकर लंदन लौटी, वजह साफ नहीं

लंदन-शिकागो फ्लाइट आई अचानक 28 हजार फीट नीचे

लंदन। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए295 आयरलैंड के ऊपर उड़ान भरते समय कुछ ही मिनटों में करीब 28 हजार फीट नीचे आ गई। इस दौरान विमान ने 7700 इमरजेंसी कोड एक्टिव किया। इसके बाद फ्लाइट को शिकागो जाने के बजाय वापस लंदन की ओर मोड़ दिया गया। इमरजेंसी सिग्नल की वजह अभी सामने नहीं आई है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान आयरलैंड के ऊपर करीब 9 हजार फीट की ऊंचाई तक आया था। 7700 कोड एयर ट्रैफिक कंट्रोल को विमान में सामान्य इमरजेंसी का संकेत देता है। इससे यह पता नहीं चलता कि समस्या किस तरह की है।



फ्लाईदुबई के 5 दिन बाद घटना

यह घटना 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट FZ1073 में हुई घटना के 5 दिन बाद सामने आई है। इसमें ओमानी को-पायलट ने कैप्टन पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। हमले के दौरान विमान करीब 34 हजार फीट से 17 हजार फीट नीचे आ गया और इमरजेंसी सिग्नल भेजा गया। बाद में क्रू और यात्रियों ने आरोपी को काबू किया और फ्लाइट की सऊदी अरब के ताबुक में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

रक्षा मंत्री के हाथों ओडिशा और आंध्र-प्रदेश से नौसेना वायुसेना को मिलेगी महत्वपूर्ण सैन्य सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



तेजी से बदलते घरेलू और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को ओडिशा और आंध्र-प्रदेश से नौसेना, वायुसेना को कुछ महत्वपूर्ण सैन्य-सामरिक सौगात देने वाले हैं। जिसके केंद्र में रक्षा क्षेत्र का सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) रहेगा। ओडिशा में वह एचएएल के 2000 वें इंजन की डिलीवरी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। साथ ही 218 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई शक्ति इंजन की दूसरी उत्पादन लाइन की घोषणा भी की जाएगी। जबकि दूसरी ओर आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम में डीपीएसयू के ही एक केंद्र में नौसेना की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने वाली कई प्रकार की सैन्य सामग्री का बल में समावेश करने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

केंद्र ने किया अर्थव्यवस्था का बंटाधार, विदेशी निवेशक निकाल रहे भारतीय बाजार से पैसा- कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ गोहिल ने कहा- बीते नौ महीनों में ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से चार लाख करोड़ रुपये निकाले

बीते नौ महीनों में ही विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से चार लाख करोड़ रुपये निकाले जाने का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।पार्टी ने विदेशी निवेशकों द्वारा इतनी भारी मात्रा में पैसे निकालने, देश में छाए आर्थिक संकट, रुपये की गिरती कीमत, महंगे पेट्रोल-डीजल और शेयर बाजार में भारी गिरावट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा। पार्टी ने लोगों पर कर्ज के बढ़ते बोझ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने हाल ही में कर्ज के चलते नोएडा में एक युवक की आत्महत्या का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा देश का हर वर्ग भुगत रहा है।

गांधीजी पर आपत्तिजनक रील, सूरत में महिला इंफ्लूएंसर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ सूरत



■ दोषी साबित हुई तो होगी तीन साल की सजा

Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur is intent to **"Establish an Integrated Speed Breeding and Phytotron Facility for Controlled Environment Studies on Plant"** for which Govt. has provided fund of Rs. 10.00 Crores. Interested firms who have sufficient experience to establish such type of facilities are invited to present their technical specifications, design and layout plan before technical committee on **15th October 2026** at office of Directorate of Research Services, IGKV, Raipur (C.G.).

S-49286/1 **Director of Research**

मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम
''पुस्तक भवन'', अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2550727, 2551565
ई-मेल : info.mptbc@mp.gov.in, वेबसाइट : mptbcho.mp.gov.in
क्रमांक/7914/पापुनि/मुद्रण/2026 भोपाल, दिनांक : 05.10.2026

शिक्षा सत्र 2027-2028 के लिए पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य पाठ्य सामग्री के मुद्रण हेतु ई-निविदा आमंत्रण की सूचना

(निविदा क्रमांक-PTG-01-/2027-2028)

शिक्षा सत्र 2027-2028 के लिये पाठ्य पुस्तकों एवं अन्य पाठ्य सामग्री के मुद्रण हेतु ऑफसेट मुद्रणालयों से **दिनांक 27.10.2026 समय प्रातः 11.30 बजे तक** ई-निविदा आमंत्रित है, जो कि ई-टेण्डरिंग पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 06.10.2026 समय सायं 05.00 बजे से देखी जा सकती है। निविदा के संबंध में जानकारी हेतु 24x7 हेल्प डेस्क नम्बर 0120-4001 002/0120-4200 462/0120-4001 005/0120-6277 787 पर संपर्क किया जा सकता है। उक्त निविदा का विस्तृत विवरण एवं संशोधन/परिवर्तन/शुद्धि पत्र (यदि कोई होवें) तो उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।

म.प्र. माध्यम/128379/2026 **उपमहाप्रबंधक (मुद्रण)**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर 492001
वेब साईट www.csen.govin ई-मेलः cserc.sec@cg.nic.in फोन नं. 0771-4673555

जन-सुनवाई हेतु सूचना

माननीय छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच द्वारा रिट अपील नंबर 379/2026 में दिनांक 02.06.2026 को दिए गए आदेश एवं सिंगल बेंच द्वारा WP(C) नंबर 3256/2023 में दिनांक 18.08.2026 को दिए गए आदेश द्वारा M/s जिंदल स्टील लिमिटेड (JSL) से M/s छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) द्वारा वित्त वर्ष 2011-12, वित्त वर्ष 2012-13 और वित्त वर्ष 2013-14 के लिए क्रय की गई विद्युत की लागत को अमान्य करने के प्रकरण में M/s JSL को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए नए सिरे से फैसला लेने के लिए प्रकरण कमीशन को वापस भेजा गया है।

ऊपर दिए गए आदेशों का पालन करते हुए, कमीशन द्वारा 03.09. 2026 के आदेश से याचिका क्र. 07/2014 और 01/2015 पर पुनः कार्यवाही प्रारंभ करते हुए M/s JSL को अपना पक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। अनुपालन में, M/s JSL द्वारा अपना पक्ष दिनांक 25.09.2026 को आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। चूंकि इस मामले में आयोग द्वारा लिया गया निर्णय, M/s CSPDCL के उपभोक्ताओं की टैरिफ को प्रभावित कर सकता है, इसलिए आयोग द्वारा M/s JSL के जवाब पर हितधारकों से आपत्तियां/ सुझाव आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु आवश्यक दस्तावेज आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध कराया गया है।

इच्छुक व्यक्ति/ संस्थाएं अपने आपत्ति / सुझाव दिनांक 29.10.2026 तक सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर पिन-492001 को भेज सकते हैं। आपत्तियां / सुझाव ईमेल आईडी cserc.sec@cg.nic.in पर ईमेल के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। उपर्युक्त याचिका पर आयोग के कोर्ट रूम में दिनांक 30.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे जन सुनवाई की जाएगी।

S-49296/1 स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये। **सचिव**

प्रपत्र बी
सार्वजनिक उद्घोषणा
(इन्सॉल्वेन्सी एंड बैंकरप्सी (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 12)

कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ हेतु

क्र.सं.	विवरण	विवरण
1.	कार्पोरेट ऋणधारक का नाम	**कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड**
2.	कार्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	24-10-2007
3.	वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित / पंजीकृत है	कंपनी रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़
4.	कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / देयता पहचान सं.	U74920CT2007PTC020429
5.	कार्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	ई–2/55, सेक्टर–7, इमलीडीह रोड, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत,492001
6.	इन्सॉल्वेन्सी प्ररताव प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि	**30/09/2026**
7.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का परिसमापन शुरू होने की तिथि	**30/09/2026** (आदेश 01/10/2026 को प्राप्त हुआ)
8.	परिसमापक के रूप में इन्सॉल्वेन्सी प्रोफेशनल का नाम एवं पंजीकरण संख्या	**श्री संजीत कुमार दास** IBBI/IPA-002/IP-N01174/2021-2022/13939
9.	बोर्ड के पास पंजीकृत परिसमापक का पता तथा ई–मेल	एचआईजी–62, लुम्बिनी विहार, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर–751021 **Sanjitdas_01@rediffmail.com**
10.	परिसमापक के साथ पत्राचार हेतु इस्तेमाल किया जाने वाला पता एवं ईमेल	एचआईजी–62, लुम्बिनी विहार, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर–751021 **Sanjitdas_01@rediffmail.com**
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	14/10/2026

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, कटक बेंच ने दिनांक **30.09.2026** को **कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** के परिसमापन की प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

कैंडिड गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे दिनांक **14.10.2026** (लिक्विडेशन शुरू होने की तारीख से 14 दिन) को या उससे पूर्व मद 10 के समक्ष उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावे प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

वित्तीय ऋणदाता अपने दावे प्रमाण सहित केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी ऋणदाता दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

यदि कोई हितधारक परिसमापन प्रक्रिया के दौरान अपने दावे प्रस्तुत नहीं करता है, तो भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के अंतर्गत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान ऐसे हितधारक द्वारा प्रस्तुत दावे धारा 38 के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए माने जाएंगे।

तिथि: 05.10.2026 **परिसमापक का नाम एवं हस्ताक्षरः संजीत कुमार बास**
स्थान : भुवनेश्वर **रजि. सं. IBBI/IPA-002/IP-N01174/2021-2022/13939**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि. / या.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट संशोधन सूचना
(G. No. 262703394/3)
Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 05, 06 एवं 09 द्वितीय आमंत्रण दिनांक 16/09/2026 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

क्र.	सिस्टम टेण्डर नंबर	पूर्व में दर्शित	संशोधित
1	199628 199632 199634	Bid Submission due Date (Online) 25.09.2026 End date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) 30.09.2026 Bid Opening date (Scheduled) 01.10.2026	Bid Submission due Date (Online) 09.10.2026 End date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) (by Registered / Speed Post) 14.10.2026 Bid Opening date (Scheduled) 16.10.2026

अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. (वि./या) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

G-262703741/3

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER MANAGEMENT DIVISION NO. 1, RAIPUR (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

Online Tenders are invited for the following works up to 22.10.2026 of S. No. 1 at 17.30 Hours & 21.10.2026 of S. No. 2 at 17.30 Hours.

(As per S.O.R Enforced from Dated 01.05.2025 and amended on dated 08.08.2025) and as per SOR enforced from Dated 01.01.2025 of Public Work Department in S. NO. 2)

S. No.	System No.	NIT No. and Dated	Name of work	Amt
1	200542 First Call	11/SAC/2026-27 Raipur, Dated 01.10.2026	Construction of Sandi Anicut across Kolhan Nalla in Block Arang, District Raipur	Rs. 314.83 Lakhs (Excluding G.S.T.)
2	200558 Second Call	13/SAC/2026-27 Raipur, Dated 01.10.2026	Renovation of Tar road from RD 38.30 Km. to 47.30 Km. of Mandhar Branch Canal of Mahanadi Project in Block Dharsiwa/Arang, District Raipur	Rs. 205.88 Lakhs (Excluding G.S.T.)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from Date **08.10.2026**, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

NOTE :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division No. 1, Raipur For,
Chief Engineer, Mahanadi Project Raipur (C.G.)

G-262703729/4

क्रमांक 2606/2/राजस्व/न.पा./2026-27 कुरूद, दिनांक 23/09/2026

// नामान्तरण ईश्तहार सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री सुशील देवांगन पिता स्व. श्री डी.आर. देवांगन, निवासी-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.), नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रान्तर्गत स्थित पुराना बाजार कुरूद में आबादी भूमि खसरा नं. 833/23 का टुकड़ा का रकबा 120 वर्गमीटर भूमि जिस पर पक्का मकान निर्मित है। उक्त भूमि को आपसी बटवारा नामा एवं सहमति पत्र के आधार पर श्री जितेन्द्र देवांगन पिता स्व. डी.आर. देवांगन, निवासी- कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.), ने नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड़ (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 200228 / निविदा सूचना क्र. 04 / वलेलि / 2026-27 दिनांक 01.10.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 22.10.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम – बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा की दुलहरा जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का सुदृढीकरण एवं नहरों में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग का निर्माण कार्य ।

अनुमानित लागत – रूपये 409.71 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 08.10.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

नोट :

1. निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड (छ.ग.)

G-262703714/4

चाइना ओपन : स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई।

पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन : दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज



टोक्यो। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की।



इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटापोवा

बीजिंग। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

आज भारत-वेस्टइंडीज का पहला टी20

प्लेइंग इलेवन में जगह पाने संजू और वैभव आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे।

रेड्डी का बैकअप मौजूद

अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है।





नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे सैमसन

सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण सिरदर्द

कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा, जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था।

मैच का समय : शाम 7:00 बजे

खबर संक्षेप



बधिर प्रीमियर लीग: कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब

तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने चार दिनों तक चले रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों के बाद फाइनल में बैंगलोर बादशाह को हराकर बधिर इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देशभर की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एक से चार अक्टूबर तक किया गया। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों, साझेदारों और सभी संबंधित पक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंगलोर बादशाह के अमन चौकसे को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा इसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी चुना गया।

रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई टीम का ऐलान

मुंबई। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया जबकि आयुष म्हात्रे को टीम के पहले रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया। 42 बार की चैंपियन मुंबई 11 से 15 अक्टूबर तक चंडीगढ़ का सामना करेगी और उसके सत्र का अपना पहला मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेलने की उम्मीद है। मुंबई और चंडीगढ़ को हरियाणा, राजस्थान, रेलवे, तमिलनाडु और उत्तराखंड के साथ एलीट ग्रुप डी में रखा गया है। बल्लेबाज सरफराज खान भी शामिल हैं, जिन्होंने ईरानी कप में हिस्सा लिया था।

22 अक्टूबर से न्यूजीलैंड दौरा आकाश दीप की वापसी तय

नई दिल्ली। भारतीय चयनकर्ता न्यूजीलैंड के आगामी दौर के लिए भारत की तीन टीम का चयन करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें तेज गेंदबाज आकाश दीप की टेस्ट टीम में वापसी तय है। न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से आरंभ होगा। आकाश पीठ की चोट के कारण 7 महीनों से बाहर रहे हैं, उन्होंने ईरानी कप से घरेलू क्रिकेट में सफल वापसी की, जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में 24 ओवर में 68 रन देकर 6 विकेट झटके।

आज से ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, अरशद खान और यश ठाकुर के लिए ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खुद को साबित करने का बड़ा मौका देगी क्योंकि ये गेंदबाज राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में मौजूदा संसाधनों की कमी के बीच अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर इस श्रृंखला की काफी उत्सुकता थी लेकिन दाहिनी पिंडली की चोट के कारण वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।

तेज गेंदबाजी में विकल्प सीमित

तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय क्रिकेट में फिलहाल विकल्प सीमित हैं। पंड्या के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे प्रमुख विकल्पों में शामिल हैं। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना रिहैब (चोट से उबरना) पूरा करने वाले शेडगे को पांड्या की जगह भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। नमन धीर के वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे अनुकूल रॉय को 'ए' टीम में शामिल किया गया है।



प्रसिद्ध के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी

प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, मोहम्मद सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं और हर्षित राणा लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। ऐसे में गुरजपनीत, अरशद और यश की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इस श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान आकर्षित करना चाहेगी। न्यूजीलैंड दौरे के वनडे चरण से पहले यह उनके लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह अभी पक्की नहीं मानी जा सकती।

धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यू चंडीगढ़ में तीसरे वनडे के दौरान धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया। भारत पर जहां मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा, जिसमें दोनों टीम को निर्धारित ओवर गति से क्रमशः चार और दो ओवर कम पाया गया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच के बाद यह जुर्माना लगाया।

दोनों कप्तानों ने किया अपराध स्वीकार

आईसीसी ने कहा, 'दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार कर लिए और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।' ये आरोप मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर वीरेंद्र शर्मा ने लगाए थे। वेस्टइंडीज अंतिम वनडे में पहले ही तीन मैच की सीरीज गंवा चुका था, लेकिन उसने भारत दौरे के वनडे चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। शाई होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पुरुष वनडे में अपने सबसे बड़े 352 रन के लक्ष्य को हासिल किया।



हांगकांग सिक्स

सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे।

टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं।

वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं।

टीम इंडिया फिर से करेगी वापसी

टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा। उन्होंने पिछले साल के फाइनल में कुवैत को शिकस्त देकर रिकॉर्ड छठी बार हांगकांग सिक्स का खिताब अपने नाम किया था। 2026 के टूर्नामेंट में आठ प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों के साथ-साथ चार एसोसिएट सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे आमिर जांगू

लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।



बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

क्लाउडिया पिना के चार गोल की मदद से बार्सिलोना ने महिला लालिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रियाल मैड्रिड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच को देखने के लिए 40,533 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे, जो महिला लालिगा में रिकॉर्ड है।

पिना ने कैम्प नोउ स्टेडियम में खेले गए मैच में अपने सभी गोल हाफ टाइम से पहले किए। उनके अलावा कैरोलिन ग्राहम हैनसेन, ईवा पजोर और सिडनी शेर्टेनलीब ने भी गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। इन दोनों क्लबों के बीच अब तक खेले गए 26 मैचों में से बार्सिलोना ने 25 मैच जीते हैं। पिना बार्सिलोना की ऐसी पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने रियाल मैड्रिड के खिलाफ मैच में चार गोल किए।

महिला लालिगा



नेशंस लीग: पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया।

क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा।



डेनमार्क ने वेल्स को हराया

लंदन। रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की। होजलुंड की सधी हुई पेनल्टी ने डेनमार्क को इस कैंपेन की दूसरी जीत दिलाई और वेल्स के खिलाफ अपनी अजेय बढ़त को पांच मैचों तक बढ़ा दिया। वेल्स ने मैच की शुरुआत अच्छी की और गेंद पर ज्यादा कब्जा रखते हुए ब्रेनन जॉनसन और लुईस कौमास के जरिए कई हमले किए।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH GRAMIN BANK
Scheduled Bank Owned by Government
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं.-47, सेक्टर-24, अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) पिन-492018

श्री अंजनी कुमार तिवारी, कॉ.का./सतर्कता/263/2026-27
सेवानिवृत्त अधिकारी, पीएफ - 4976025, दिनांक: 05.10.2026
महोदय,

प्रस्तावित शास्ति हेतु जारी कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्त करने एवं व्यक्तिगत सुनवाई विषयक

विषयांतर्गत, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा पत्र क्र. कॉ.का/सतर्कता/055/2026-27 दिनांक 12.05.2026 के माध्यम से आपके प्रकरण में विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जिस पर जांचकर्ता अधिकारी द्वारा विभागीय जांच प्रतिवेदन दिनांकित 31.07.2026 अनुशासनिक प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा प्रकरण में शास्ति प्रस्तावित कर पत्र क्र. कॉ.का./सतर्कता/14/2026-27 दिनांक 23.09.2026 के माध्यम से कारण बताओ सूचना जारी कर बैंक को ज्ञात आपके पते पर प्रेषित किये गये थे किन्तु पत्र वापस आ गये हैं। अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आपको अपना पक्ष रखने हेतु व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। अतः आप व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 08.10.2026 को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक कॉर्पोरेट ऑफिस प्लाट न 47 सेक्टर 24 अटल नगर नवा रायपुर में प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें एवं कारण बताओ सूचना पत्र व अन्य दस्तावेज भी प्राप्त कर लेवें। यदि आप तय समय सीमा में उपस्थित नही होते हैं एवं उल्लेखित पत्र प्राप्त नही करते हैं तो यह माना जावेगा कि आप प्रकरण में अपना पक्ष नही रखना चाहते है। तदानुसार बैंक द्वारा आगामी कार्यवाही की जावेगी।

महाप्रबंधक (सतर्कता)

विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

रायपुर से दिल्ली और फिर अमेरिका तक पहुंची प्रतिभा, महज 32 वर्ष की उम्र में थम गया जीवन, लेकिन पत्रकारिता में छोड़ी ऐसी छाप जो आज भी याद की जाती है। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो अपने समय से आगे निकलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बन जाते हैं। उनका जीवन भले ही बहुत लंबा न हो, लेकिन उनके कर्म की रोशनी इतनी दूर तक जाती है कि समय भी उसके सामने छोटा पड़ जाता है। पंकज शर्मा भी ऐसे ही व्यक्तित्व थे। प्रतिभा, कर्मठता, अध्ययनशीलता और पत्रकारिता के प्रति असाधारण निष्ठा ने उन्हें अपने समय में एक अलग पहचान दी।

पंकज शर्मा: एक पत्रकार एक प्रेरणा, एक विरासत



पंकज शर्मा

छोटे भाई-बहनों के पंकज भैया

6 अक्टूबर 1937 को रायपुर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में पंकज शर्मा का जन्म हुआ। वे भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। बड़े होने के साथ ही उनके भीतर जिम्मेदारी का भाव विकसित होता गया। छोटे भाई-बहनों की पढ़ाई, उनका भविष्य और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने की इच्छा उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन गई थी। संयुक्त परिवार के माहौल में पले-बढ़े पंकज शर्मा के व्यक्तित्व में आत्मीयता और लोगों को साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति विकसित हुई। छोटे भाई-बहनों के लिए वे केवल बड़े भाई नहीं, बल्कि मार्गदर्शक भी थे। वे चाहते थे कि परिवार के सभी सदस्य पढ़ें, आगे बढ़ें और अपने जीवन में ऊंचाई हासिल करें।



छात्र जीवन में दिखी प्रतिभा

पंकज शर्मा ने वर्ष 1955 में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1961 में इसी महाविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए किया। कॉलेज उनके लिए केवल पढ़ाई की जगह नहीं था। यहीं उन्होंने नेतृत्व, वक्तृत्व और सार्वजनिक संवाद की अपनी क्षमता को विकसित किया। छत्तीसगढ़ कॉलेज की छात्र राजनीति में उनकी सक्रियता और स्टूडेंट यूनियन की अध्यक्षता ने उनके नेतृत्वकारी व्यक्तित्व को सामने रखा। इसी दौर में उनकी मुलाकात डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन से हुई और उन्हें सम्मानित होने का अवसर भी मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उनकी विशेष रुचि थी। वर्ष 1959-60 में अखिल भारतीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पचमढ़ी और बड़ौदा में आयोजित अखिल भारतीय युवक कांग्रेस सम्मेलनों में भी उन्होंने रायपुर का प्रतिनिधित्व किया। छात्र जीवन के ये अनुभव आगे चलकर पत्रकारिता में उनकी संवाद क्षमता की बड़ी ताकत बने।

अध्यापन से पत्रकारिता तक

पंकज शर्मा का जीवन केवल राजनीति और वक्तृत्व तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने रायपुर की सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला में अध्यापन भी किया। शिक्षक के रूप में काम करने का अनुभव उनके उस पक्ष को दिखाता है, जिसमें ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने की इच्छा थी। लेकिन पत्रकारिता के प्रति उनका आकर्षण लगातार बढ़ रहा था। अप्रैल 1956 में स्थानीय दैनिक 'नवभारत' के माध्यम से उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद अक्टूबर 1960 से 1962 तक वे 'नई दुनिया' के संपादकीय विभाग से जुड़े रहे। जनवरी 1961 में लखनऊ के साक्षरता निकेतन में उन्होंने लेखन का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। पत्रकारिता अब उनके लिए केवल रुचि नहीं रही थी, बल्कि जीवन का रास्ता बन चुकी थी।



छत्तीसगढ़ कॉलेज के वक्ता नंबर 1

पंकज जी महाविद्यालयीन जीवन में श्रेष्ठ वक्ता के तौर पर अपनी पहचान बना चुके थे। उनके कॉलेज के दिनों के साथी कनक तिवारी बताते हैं कि पंकज जी की वाद क्षमता के आगे अच्छे अच्छे वक्ता हार मान जाते थे । अपनी बात को तर्कों के साथ धाराप्रवाह तरीके से प्रस्तुत करना उनकी शैली थी। उनका पढ़ना महज पढ़ना भर नहीं था, बल्कि वे किसी भी विषय की तह में जाकर समझते थे फिर अपनी राय कायम करते थे । उन दिनों की वाद विवाद प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ कॉलेज की तरफ से पंकज शर्मा जी हमेशा अव्वल रहे। डिबेट के अलावा भी सामान्य जीवन में बातचीत करते समय वे ऊंची आवाज में बात करते थे । उनका रहन सहन, बातचीत का तौर तरीका, मुद्दों को समझने समझाने की शैली उन्हे सबसे अलग बनाती थी । कनक तिवारी जी बताते है कि वे तेज बोलते थे, वे तेज चलते थे और लेखन भी तेज ही था । क्रिकेट टूर्नामेंट्स के दौरान अपने कॉलेज को चीयर अप करने के लिए वे मैदान जरूर जाते थे । उस दौर में रायपुर में कोई राष्ट्रीय स्तर का वक्ता अपने व्याख्यान के लिए पहुंचता था तो पंकज जी उसे सुनना नहीं भूलते थे ।

समाचार भारती ने दी राष्ट्रीय पहचान

शिमला से दिल्ली लौटने के बाद पंकज शर्मा समाचार भारती के केंद्रीय कार्यालय में विशेष संवाददाता नियुक्त हुए। यही वह पड़ाव था जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दी। मृत्यु तक वे समाचार भारती की सेवा में समर्पित रहे। समाचार भारती में उनका काम केवल खबर लिखने तक सीमित नहीं था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन, प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और अनेक वरिष्ठ मंत्रियों के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों की यात्राओं का उन्हें अवसर मिला। इन यात्राओं ने उन्हें देश के राजनीतिक और सामाजिक जीवन को करीब से देखने का अवसर दिया।मई 1967 में रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित चार दिवसीय दौरे में उन्होंने सिक्किम और भारत-चीन सीमा क्षेत्र का अवलोकन किया। एक पत्रकार के लिए यह अनुभव केवल किसी घटना को देखने तक सीमित नहीं था, बल्कि उसके पीछे के व्यापक संदर्भ को समझने का अवसर भी था।



पत्रकारिता की सीमाएं देश से बाहर तक

पंकज शर्मा की प्रतिभा का दायरा देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रहा। रीडर्स डाइजेस्ट एसोसिएशन की छात्रवृत्ति पर उन्हें विश्व प्रेस संस्थान के तत्वावधान में विशेष प्रशिक्षण के लिए चुना गया। 6 अगस्त 1968 को वे अमेरिका के लिए रवाना हुए और 16 जुलाई 1969 को स्वदेश लौटे। उनके साथ विभिन्न देशों के पत्रकारों को भी फेलोशिप मिली। इनमें ऑस्ट्रेलिया से जॉन चार्ल्स लार्किन, ब्राजील से लुकास मेंडेंस, चिली से फेडेरिको गाना जॉनसन, चेकोस्लोवाकिया से पावेल क्रिज, इथियोपिया से तेसफाये कबतिहिमार, इंडोनेशिया से गफूर हारून फादिल, ईरान से फेरेदोन पेजेशकन, जापान से शुनिचिरो मोरिवाकी, मेक्सिको से ह्यूगो एस्टेंस्सोरो बाल्डोमर, स्पेन से फ्रांसिस्को मार्टास रोबल्स, ताइवान से एडवर्ड सू, यूनाइटेड किंगडम से जॉन पेपर ब्रिस्टल, वेनेजुएला से जोस एंटोनियो मायोब्रे और यूगोस्लाविया से फ्रांक पी. जाग्रेब शामिल थे।

पत्रकारिता से अलग भी एक आत्मीय व्यक्तित्व



पंकज शर्मा की पहचान केवल उपलब्धियों से नहीं बनी थी। वे गंभीर विषयों पर गहराई से बात कर सकते थे और उसी सहजता से मित्रों के बीच हंस भी सकते थे। उनकी बातचीत में औपचारिकता कम और आत्मीयता ज्यादा थी। दिल्ली के कॉफी हाउस से लेकर प्रेस क्लब तक उनके मित्रों के बीच उनकी अलग पहचान थी। उनकी मुस्कान और जिंदादिली को उनके साथ रहने वाले लोग आज भी याद करते हैं। कठिन परिस्थितियों में भी वे निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने देते थे।

हंसमुख और मिलनासारिता

पंकज जी स्वभाव से हंसमुख और मिलनसार थे। तो दूसरी ओर अपने काम को लेकर बेहद गंभीर और कर्तव्यपरायण भी। दिल्ली के कनॉट प्लेस से लेकर रायपुर के कॉफी हाउस तक पत्रकार मित्रों के बीच उनकी मौजूदगी अलग दिखाई देती थी। बातचीत में सहजता, चेहरे पर आत्मीय मुस्कान और गंभीर चर्चा के बीच अचानक उनका कहकहा माहौल को हल्का कर देता था। इस सहजता के पीछे एक ऐसा व्यक्ति था, जिसने पढ़ने, समझने और अपने काम को बेहतर बनाने के लिए लगातार खुद को तैयार किया।मित्रों, संसद सदस्यों, मंत्रियों और अधिकारियों के बीच उनकी प्रतिष्ठा केवल व्यक्तित्व के कारण नहीं थी। इसके पीछे उनकी पत्रकारिता की विश्वसनीयता, अध्ययनशीलता, भाषा पर पकड़ और अपने दायित्व के प्रति गहरी प्रतिबद्धता थी। सक्रिय पत्रकारिता के लगभग एक दशक में उन्होंने जो उपलब्धियां हासिल कीं, वे युवा पत्रकारों के लिए आज भी एक मूल्यवान विरासत हैं।

रिश्तों को महत्व देने वाला बड़ा भाई

परिवार में उनकी लोकप्रियता केवल इसलिए नहीं थी कि वे सफल पत्रकार थे। उनका स्वभाव ही ऐसा था कि वे लोगों के बीच सहजता से घुल-मिल जाते थे। बड़े भाई होने के कारण उनके भीतर जिम्मेदारी थी, लेकिन रिश्तों में अपनापन भी उतना ही था। वे छोटे भाई-बहनों को आगे बढ़ाना चाहते थे। परिवार के सदस्यों की स्मृतियों में उनके साथ जुड़ी छोटी-छोटी घटनाएं आज भी जीवित हैं। बड़े भांजे रमेश कुमार मिश्रा की स्मृतियों में पंकज शर्मा समयबद्ध और अनुशासित व्यक्ति के रूप में दर्ज हैं। इन स्मृतियों में अखबार और पत्रकारिता की दुनिया से अलग पंकज शर्मा का वह चेहरा दिखाई देता है, जो परिवार के बड़े बेटे का था।

PIB की नौकरी, छूटा शिमला

रायपुर में नवभारत और नई दुनिया में काम करने के बाद दिल्ली का रुख किया। वहां दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स ज्वाइन किया । लेकिन पत्रकारिता का मोह नहीं छोड़ पाए और प्रेस इंफार्मेशन ब्यूरो (**PIB**) ज्वाइन किया। पंकज के छोटे भाई देवेंद्र शर्मा के मुताबिक दिल्ली में **PIB** ज्वाइनिंग के बाद उनका ट्रांसफर शिमला कर दिया गया लेकिन स्वास्थ्यगत कारणों से उन्हे शिमला रास नहीं आया और दिल्ली आ गए । दिल्ली आकर समाचार भारती से नई पारी की शुरुआत की ।

रायपुर से दिल्ली का सफर

1 दिसंबर 1961 को पंकज शर्मा रायपुर से दिल्ली पहुंचे। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ कॉमर्स में प्रवेश लिया, लेकिन पत्रकारिता का आकर्षण इतना मजबूत था कि उन्होंने पढ़ाई छोड़कर अपने पेशे को प्राथमिकता दी। जून 1962 में भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो में सह-संपादक के पद पर उनकी नियुक्ति हुई। वर्ष 1966 तक उन्होंने वहां काम किया। इसके बाद वे रक्षा मंत्रालय में वरिष्ठ अनुवादक के पद पर स्थानांतरित हुए। वर्ष 1966 के प्रारंभ में वे पुनः प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो से जुड़े और उसी वर्ष शिमला स्थानांतरित हुए। अक्टूबर में वे दिल्ली लौटे। यह पूरा दौर उनके पेशेवर जीवन को लगातार नए अनुभव दे रहा था।

अपने फैसलों के साथ जीने वाले पंकज

पंकज शर्मा ने अपने निजी जीवन को भी अपनी तरह से जिया। उनका अधिक समय पत्रकारिता, अध्ययन, यात्राओं और अपने काम में बीतता रहा। छात्र जीवन में राजनीति और सार्वजनिक जीवन के प्रति भी उनकी रुचि थी। युवक कांग्रेस के सम्मेलनों में रायपुर का प्रतिनिधित्व उन्होंने किया था। उनके मित्रों की स्मृतियों में उस समय के राजनीतिक झुकाव और महत्वाकांक्षाओं के किस्से भी मिलते हैं। लेकिन आगे चलकर उन्होंने अपनी स्थायी पहचान पत्रकारिता में बनाई।

33 वर्ष की उम्र में थम गया सफर

पंकज शर्मा का जीवन जिस गति से आगे बढ़ रहा था, उससे उनके सामने संभावनाओं की कोई कमी नहीं दिखाई देती थी। राष्ट्रीय स्तर के लोगों के साथ काम करने का अनुभव, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, हिंदी पत्रकारिता में पहचान और अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़—इन सबके बीच वे अभी केवल 33 वर्ष के थे। लेकिन वर्ष 1970 में उनकी जिंदगी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने परिवार, मित्रों और पत्रकारिता जगत को हमेशा के लिए बदल दिया। तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वीवी गिरि के साथ भूटान की यात्रा के दौरान लैंडस्लाइडिंग की घटना में पंकज शर्मा का निधन हो गया। एक यात्रा, एक दुर्घटना और एक पूरा भविष्य अचानक अतीत बन गया। परिवार के लिए यह केवल एक पत्रकार की मृत्यु नहीं थी। यह परिवार के सबसे बड़े बेटे का जाना था। दोस्तों के बीच से एक ऐसे साथी का चले जाना था, जिसकी मौजूदगी से महफिल जीवंत हो जाती थी।





तुम्हारे लिए घड़ी लेकर आऊंगा

पंकज शर्मा जी पूरे परिवार के लिए प्रेरणास्रोत थे और मुझे डॉक्टरी की पढ़ाई करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने संसद में भी कार्य किया और अपने काम से परिवार का नाम रोशन किया। एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हारे लिए घड़ी लेकर आऊंगा, लेकिन वे फिर कभी लौटकर नहीं आए।



-कल्याणी तिवारी, छोटी बहन

पत्रकारिता में नाम कमाया

पंकज शर्मा जी का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ और बचपन से ही वे पढ़ाई-लिखाई में बेहद मेधावी और प्रतिभाशाली थे। 1957 में उन्होंने हिंदी में एम.ए. की पढ़ाई पूरी की और छात्र जीवन में वाद-विवाद व नेतृत्व गतिविधियों में सक्रिय रहे। स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष रहते हुए उनका सम्मान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने किया था। उन्होंने पत्रकारिता को अपना पेशा चुना और अमेरिका में भी पत्रकारिता का अनुभव हासिल किया।



-मलय शर्मा, भतीजा

विदेश में नौकरी का अवसर ठुकराया



मेरे पिता जी, पंकज शर्मा के छोटे भाई हैं और बचपन से ही पंकज शर्मा जी का व्यक्तित्व हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने विदेश में नौकरी का अवसर ठुकराकर अपने देश और पत्रकारिता को चुना। उनका जीवन देश के प्रति समर्पण, संघर्ष और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की मिसाल रहा।

-हिमांशु शर्मा, भतीजा

आज रात 7.55 बजे

अमेरिका में फहराया हिंदी का परचम



भारत के उन चुनिंदा हिंदी पत्रकारों में थे, जिन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति का इंटरव्यू लिया था। छत्तीसगढ़ कॉलेज की अध्यक्षता के दौरान उनकी मुलाकात देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन से भी हुई थी। पत्रकार वेद प्रकाश वैदिक ने भी पंकज शर्मा के पत्रकारिता कार्यों की सराहना की थी।

-अनुज शर्मा, विधायक धरसींवा

उनके व्यक्तित्व और कार्य हम सभी के लिए प्रेरणादायी



बड़े पापा से प्रत्यक्ष मुलाकात न हो पाने का आज भी दुख है, लेकिन उनके व्यक्तित्व और कार्यों की चर्चा हमेशा प्रेरणा देती है। वर्ल्ड प्रेस इंस्टीट्यूट की स्कॉलरशिप पर वे अमेरिका गए और वहां पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। अपने घर में बिजली की मांग को लेकर उन्होंने अनशन तक किया।

-स्मिता शर्मा, भतीजी

भाई-बहनों को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया



पंकज भैय्या मेरे से 12 साल बड़े थे और हम सभी भाई-बहनों को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते थे। हम तीनों भाई पत्रकार रहे, और भैया की हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं पर समान पकड़ थी। वे छत्तीसगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष भी रहे और सभी विषयों पर लिखने में उनकी गहरी रुचि थी।

-देवेन्द्र शर्मा, छोटे भाई

परिवार के लिए बेहतर भविष्य का सपना देखा



पंकज शर्मा जी को हमेशा यह शौक रहा कि उनके सभी भाई-बहन पढ़ें और जीवन में ऊंचाई तक पहुंचें। मुझे वे बड़े प्यार और लाड़ से 'मोटी' कहकर बुलाते थे, उनकी यह बात आज भी बहुत याद आती है। उन्होंने बस्ती में रहने के बजाय प्लॉट लेकर परिवार के लिए बेहतर भविष्य का सपना देखा था।

-तारिणी दुबे, छोटी बहन

मजाक में कहते थे एक दिन प्रधानमंत्री बनूंगा



स्कूल के बाद मैं भी दिल्ली गया और उनके संघर्ष और पत्रकारिता के सफर को करीब से देखा। यूथ कांग्रेस से जुड़े, प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे। राजनीति की तरफ झुकाव था, आकर्षक थे, छत्तीसगढ़ के लिए बहुत उम्मीदें थी। 1970 में महज 33 वर्ष की उम्र में भूटान में एक हादसे में उनका आकस्मिक निधन हो गया।

-ओ.पी. मिश्रा, नजदीकी मित्र, वरिष्ठ पत्रकार

पढ़ने-लिखने के शौकीन और बेहद तार्किक थे



पंकज शर्मा जी को वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में खास दिलचस्पी थी, वे पढ़ने-लिखने के शौकीन और बेहद तार्किक व गहन शोध करने वाले व्यक्ति थे। यहां तक कि तालियां बटोरने को लेकर भी हमारे बीच मजेदार प्रतिस्पर्धा रहती थी। वे अच्छे कपड़े पहनने के शौकीन थे।

-कनक तिवारी, नजदीकी मित्र, वरिष्ठ पत्रकार

पंकज जी ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई अपनी पहचान



देश-विदेश में अपनी पत्रकारिता से प्रभाव छोड़ा। पंकज शर्मा जी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और वे मेधावी व प्रेरक छात्र रहे। छत्तीसगढ़ के दो पत्रकार पंकज शर्मा और चंदूलाल चंद्राकर ने देश-विदेश में अपनी पत्रकारिता से प्रभाव छोड़ा।

-डॉ. रमेंद्र नाथ मिश्र
वरिष्ठ इतिहासकार एवं लेखक

पंकज जी सभी पत्रकारों के लिए अनुकरणीय



रायपुर से पत्रकारिता की शुरुआत कर दिल्ली को उन्होंने कर्मभूमि बनाया । कई महत्वपूर्ण अवसरों पर उन्होंने रिपोर्टिंग की। जब कभी वे रायपुर आते थे उनसे मिलने का अवसर मिलता था। आज उनके निधन को पचास साल से ज्यादा हो गए है। पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए उनके कार्य अनुकरणीय हैं।

-गिरिजाशंकर, राजनीतिक विश्लेषक वरिष्ठ पत्रकार

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com